राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्षः 48 अंक 220
जौनपुर, मंगलवार
26 मई 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
42°C | 29°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in



सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636



पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी™
भगेलू राम रामजी सेठ
Since 1946
भारत सरकार द्वारा प्रमाणित HUID BIS Hallmark Gold & IGI Certified Diamond Jewellery Showroom
शुद्धता ही हमारी परम्परा है
1st Prize मारुति सुज़ुकी डिज़ायर
2nd Prize मारुति बलेनो
3rd Prize मारुति वैगन आर
प्रत्येक 10000/- तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका
कचहरी रोड, कलेक्ट्री तिराहा के पास, आधुनिक मिष्ठान के सामने जौनपुर, यूपी 9838545608, 7355037762, 8317077790
सद्भावना पुल रोड, नखास, ओलन्दगंज, जौनपुर 9838545608, 7355037762, 8317077790
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर 9984991000, 9792991000, 9984361313



Redefining Education
Umanath Singh Hr. Sec. School
www.unsschool.in
REGISTRATION FOR ADMISSION (2026-27) OPEN Play Group to Class IX & XI
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth


## बाइकें भिड़ने पर बाप-बेटे की हत्या, एक बेटा घायल

**कानपुर में रोड रेज में डबल मर्डर**



**कानपुर, 25 मई।** कानपुर के नौबस्ता में विराटनगर पुलिस चौकी से महज 200 मीटर दूर और यशोदानगर चौराहे पर पुलिस पिकेट पॉइंट की मुस्तैदी के बावजूद दबंगों ने खूनी खेल खेला। रविवार रात बाइकों की भिड़ंत के विवाद में सरेराह पिता और छोटे बेटे की तीन युवकों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इस हमले में बड़ा बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुस्साहसिक वारदात के बाद भीड़ ने एक आरोपी को पीटकर पुलिस के हवाले कर दिया। उसके दो साथी मौके से भाग गए। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने हैलट पहुंचकर घायल युवक और उसकी मां से पूछताछ की।

जानकारी के अनुसार चकेरी मोड़ पर रामनगर स्थित नई प्लाटिंग निवासी शिवनारायण त्रिवेदी (60) बेटे शिवम (26) और सत्यम (30) के साथ किदवईनगर मार्बल मार्केट में कनक मार्बल में काम करते थे। रविवार रात तीनों काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। यशोदानगर में वृंदावन लॉन के पास उनकी बाइक बगल से गुजर रही दूसरी बाइक से भिड़ गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दूसरी बाइक पर सवार तीन युवकों ने पिता-पुत्रों पर पहले हेलमेट से सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ कई वार किए। इसके बाद चाकू निकालकर पिता-पुत्र को लहुलूहान कर दिया। चाकू लगने से शिवनारायण और शिवम गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क पर गिरा सत्यम भी तड़प रहा था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को हैलट लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने शिवनारायण और छोटे पुत्र शिवम को मृत घोषित कर दिया। सत्यम का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

वारदात की जानकारी पर घर में शिवनारायण की पत्नी सुधा बेहोश हो गईं। भीड़ ने मौके से एक आरोपी शिवा वर्मा निवासी कानपुर देहात को पकड़ा। वह श्यामनगर में रहकर ऑनलाइन प्लेटफार्म में डिलीवरी बॉय का काम करता है। दो अन्य आरोपी नौबस्ता निवासी करन वर्मा, उत्सव अवस्थी की तलाश की जा रही है। पुलिस जांच में पता चला है कि करन ने ही चाकू से हमला किया है।

इस मामले में पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल का कहना है कि अभी तक की जांच में यही सामने आया है कि घटना रोड रेज के विवाद में ही हुई है। रंजिश जैसी कोई बात नहीं है। एक आरोपी को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। फरार करन वर्मा ने चाकू से हमला किया था।

## पेट्रोल-डीजल के दामों में फिर हुई बढ़ोत्तरी

**ईरान युद्ध के बीच दो हफ्ते में चौथी बार ईंधन की कीमतों में हुई वृद्धि**



**नई दिल्ली, 25 मई।** सोमवार को ईंधन की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी की गई, जिससे पेट्रोल की कीमत में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 2.71 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई, जो दो सप्ताह से भी कम समय में चौथी बढ़ोतरी है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गई है।

अगर बात करें भारत के प्रमुख शहरों में तेल की कीमतों की तो दिल्ली में 102.12 रुपये, कोलकाता में 113.51, मुंबई में 111.21, नोएडा में 101.9 रुपये, बेंगलुरु में 110.6 रुपये, भूवनेश्वर में 108.8 रुपये, चंडीगढ़ में 101.5 रुपये, जयपुर में 113.4 रुपये, लखनऊ में 101.9 रुपये, पटना में 113.5 रुपये प्रति लीटर है।

अगर बात करें भारत के प्रमुख शहरों में डीजल के कीमत की तो नई दिल्ली में 95.2 रुपये, कोलकाता में 99.8 रुपये, मुंबई में 97.8 रुपये, चेन्नई में 99.6 रुपये, गुड़गांव में 95.4 रुपये, नोएडा में 95.4 रुपये, बेंगलुरु में 98.5 रुपये, भुवनेश्वर में 100.6 रुपये, चंडीगढ़ में 89.5 रुपये, हैदराबाद में 103.8 रुपये, जयपुर में 98.4 रुपये, लखनऊ में 95.4 रुपये, पटना में 99.5 रुपय प्रति लीटर है।

**पिछले शनिवार को बढ़ी थी कीमतें:** पेट्रोल-डीजल की कीमतें पिछले शनिवार को बढ़ी थी, जब पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे और डीजल की कीमत में 91 पैसे की वृद्धि की गई थी। शनिवार को ही दिल्ली में सीएनजी की कीमत में भी 1 रुपया प्रति किलोग्राम की वृद्धि के साथ 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।







## स्कॉर्पियो-ट्रक की टक्कर में परिवार के 3 लोगों की मौत

**मरने वालों में पति-पत्नी और बेटा शामिल**

**रेवाड़ी, 25 मई।** रेवाड़ी-जैसलमेर हाईवे पर सोमवार की अलसुबह करीब दो बजे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी व ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार पति-पत्नी व इकलौते बेटे की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान रेवाड़ी के गांव बोड़िया कमालपुर के रहने वाले 44 वर्षीय बृजमोहन, उनकी पत्नी 40 वर्षीय अनीता व 13 वर्षीय बेटे निमेष के रूप में हुई।

हादसा इतना भीषण था कि तीनों दो घंटे तक गाड़ी में ही फंसे रहे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची रामपुरा थाना पुलिस ने गैस कटर और क्रैन की मदद से उन्हें बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

दरअसल, अपने माता-पिता का इकलौता बेटे बृजमोहन पत्नी अनीता के साथ अपने इकलौते बेटे निमेष का एडमिशन कराने के लिए राजस्थान के सीकर स्थित एक स्कूल में गए थे। बृजमोहन एक निजी कंपनी में कार्यरत थे, जबकि उनकी पत्नी सरकारी स्कूल में शिक्षिका थी। तीनों देर रात सीकर से निकले थे। अलसुबह करीब दो बजे जब गांव धामालावास स्थित आईटीआई के पास पहुंचे तो सामने चल रहे ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो तीनों कार में फंसे हुए थे। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त था। काफी प्रयास के बाद भी जब अंदर फंसे लोगों को बाहर नहीं निकाला जा सका तो क्रैन के साथ ही गैस कटर मंगवाया गया। गैस कटर की मदद से तीनों के शव सुबह करीब चार बजे बाहर निकाले गए। बृजमोहन के परिवार में अब सिर्फ माता-पिता ही बचे हैं। उनकी बहन की शादी हो चुकी है।

## ग्राम पंचायतों में प्रधान ही बनाए गए प्रशासक

### सीएम योगी ने दी हरी झंडी, विस चुनाव के बाद ही होगा पंचायत चुनाव



**लखनऊ, 25 मई।** उत्तर प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल आज यानी 25 मई तक ही था। उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी ग्राम पंचायतों में उनका ही दखल रहेगा। उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक का कार्य देने के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुमोदित कर दिया है। उत्तर प्रदेश में पहली बार ग्राम पंचायतों में प्राशासक समिति का गठन होगा। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 के बाद ही पंचायतों का गठन होगा। इसको देखते हुए 26 मई से पहले ग्राम पंचायतों में प्रशासक बनेंगे। यूपी में पंचायत चुनाव को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गई हैं। अब पंचायत चुनाव 2027 विधानसभा चुनाव के बाद ही होंगे। प्रदेश की 57 हजार 695 ग्राम पंचायतों में प्रधानों का कार्यकाल 26 मई खत्म हो रहा है। इसके चलते पंचायतीराज विभाग ने प्रधानों को ही प्रशासक बनाने की योजना को मूर्त रुप दे दिया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हरी झंडी दे दी है।

## 'दुखद है कि अब तक सबक नहीं सीख पाए'

**नई दिल्ली, 25 मई।** नीट पेपर मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यह दुख की बात है कि परीक्षा के पेपर लीक के पिछले मामलों से कोई सबक नहीं सीखा गया है। कोर्ट ने यह टिप्पणी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए की। एनटीए केंद्र सरकार द्वारा संचालित वह संस्था है जो नीट और अन्य प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करती है। कोर्ट ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक के मामले में दायर याचिकाओं पर केंद्र और शिक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने एनटीए से यह जवाब भी मांगा कि उस मॉनिटरिंग कमेटी का क्या हुआ, जिसे उसके पिछले आदेशों के अनुसार गठित किया जाना था।

## 'महंगाई मानव मोदी की फिर से स्ट्राइक'

**पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी को लेकर राहुल ने साधा निशाना**

**नई दिल्ली, 25 मई।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को ईंधन की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होने के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बार-बार बढ़ोतरी करके वह उपभोक्ताओं पर बोझ डाल रही है।

एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए उन्हें 'महंगाई मानव मोदी' कहा और आरोप लगाया कि जनता के गुस्से को कम करने के लिए ईंधन की कीमतें किस्तों में बढ़ाई जा रही हैं।

राहुल ने हमला करते हुए लिखा, 'महंगाई मानव मोदी का फिर से हमला। पेट्रोल-डीजल के दाम किश्तों में बढ़ाते हैं- ताकि चुपके-चुपके आपकी जेब कटती रहे। मैं महीनों से आर्थिक तूफान आने की बात कह रहा था। पर मोदी जी तब हमेशा की तरह चुनाव में व्यस्त थे और चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल 8 रुपये महंगा कर दिया।' उन्होंने आगे प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया कि वे चुनावी अभियानों के दौरान वादे करते हैं, जबकि बाद में नागरिकों पर आर्थिक बोझ डाल देते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'और, ये बढ़त होती ही जाएगी। महंगाई मानव मोदी का एक ही काम है चुनाव में वादे और बाकी समय जनता की जेब पर वार।'

**चौथी बार बढ़ाई गई कीमतें:** राहुल ने सरकार पर ये तंज तब कसा है जब वैश्विक कच्चे तेल के बाजारों में लगातार उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच दो हफ्तों से भी कम समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतें चौथी बार बढ़ाई गईं।

सोमवार के बदलाव के साथ दिल्ली में पेट्रोल की कीमतें 2.61 रुपये बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर हो गईं, जबकि डीजल 2.71 रुपये बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गया। यह ताजा बढ़ोतरी 15 मई को 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद हुई है। इसके बाद 19 मई को 90 पैसे की बढ़ोतरी हुई और फिर 23 मई को एक और बढ़ोतरी हुई, जब पेट्रोल 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल 91 पैसे महंगा हो गया। कुल मिलाकर दो हफ्तों से भी कम समय में ईंधन की कीमतें 7 रुपये से ज्यादा बढ़ गई हैं।

## ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान जरूरी

**लखनऊ, 25 मई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य कर विभाग को निर्देश दिए हैं कि कर संग्रह बढ़ाने के साथ-साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा।

मुख्यमंत्री, सोमवार को राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कर प्रणाली को अधिक सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाया जाए।

गंगा दशहरा, ईद-उल-अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# परंपरागत ढंग से मनाए त्योहार : डीएम



तरूणमित्र न्यूज

**भदोही।** डीएम शैलेश कुमार व एसपी अभिनव त्यागी के संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी गंगा दशहरा, ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्यौहारों को सकुशल शांतिपूर्ण, भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। समस्त एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्ष, बीडीओ, एक्सईएन, ईओ संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र से आए हुए पीस कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया।

इस दौरान डीएम ने कहा की सभी एसडीएम एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पीस कमेटी की बैठक कर लें। उन्होंने सभी बीडीओ एवं ईओ तथा अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को गंगा दशहरा के दिन लगने वाले मेले एवं स्नान पर्व को देखते हुए सभी नदी एवं बड़े तालाबों के तटों पर स्थित घाटों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। कहा कि सीतामढ़ी, रामपुर, सेमराधनाथ धाम मंदिर सहित घाटों पर जाने वाले मार्गो एवं मंदिर मार्गों की सफाई एवं चूना छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। नदी घाटों की गहराई को देखते हुए गोताखोर, रस्सी, नाव आदि की व्यवस्था स्नान वाले दिन सुनिश्चित करें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रयोग में लाया जा सके। डीएम ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धर्मगुरु, प्रबुद्धजनों एवं संभ्रांत नागरिकों से सहयोग का आह्वान किया। कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत नही होनी चाहिए। किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए तथा कोई भी कुर्बानी खुले में न हो। सूअर को बाड़े के अंदर बंद रखा जाए। ड्रिंक एंड ड्राइव व ओवर स्पीड न करें।

डीएम ने समस्त धर्म गुरुओं से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार की सोशल मीडिया की अफवाहों से दूर रहे, जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो। यदि कोई सोशल मीडिया के माध्यम से गलत अफवाह फैलता है तो तत्काल उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट एवं अवशेष पदार्थों को खुले में न डाला जाए।

अपशिष्ट पदार्थों को निर्धारित गहराई तक गड्ढा खोदकर डिस्पोजल करें। डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि नमाज के मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर झुके विद्युत पोल एवं जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध संचालित रहे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था रहे। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिर एवं मस्जिदों के पास प्रत्येक दशा में साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें। एसपी ने बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाएं जाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शरारती तत्वों को आवश्यक धाराओं में समय रहते पाबंद करना सुनिश्चित करें। त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है। उन्होंने कहा कि मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें, जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

इस मौके पर एडीएम शुभांगी शुक्ला, एएसपी शुभम अग्रवाल, सीएमओ डॉ.संतोष कुमार चक, बीएसए शिवम पांडेय, पीडी आदित्य, समस्त एसडीएम, सीओ सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न धर्मों के धर्मगुरू, संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने अवैध गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**मड़िहान/मीरजापुर।** थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम नदिहार स्थित किसान इण्टर कालेज मोड़ के पास से पुलिस ने मानस मणि जायसवाल पुत्र भोला प्रसाद जायसवाल निवासी कुन्दन का पुरवा थाना मऊगंज जनपद मऊगंज मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पिट्ठू बैंग में रखे 7.058 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद कर जेल भेजा गया।

## रेलवे पुल के नीचे अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**मड़िहान/मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नदिहार गांव के पास सोमवार सुबह चोपन- चुनार रेल मार्ग के किनारे बने नवनिर्मित रेलवे पुल के नीचे एक लहूलुहान अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना, सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। अज्ञात शव की पहचान न होने से पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी हुई है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# रिकवरी एजेंटों के माध्यम से ग्राहकों को डरा रही हैं कंपनियां


मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते व्यापारीगण

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की एक आवश्यक बैठक पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक डॉक्टर चारू द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में टोल प्लाजा पर चल रही अनियमितताओं के संदर्भ में सभी व्यापार संगठनों के लोगों ने विस्तृत जानकारी दी पूरी बैठक में टोल प्लाजा का मुद्दा छाया रहा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र की जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि जनपद में इन दिनों प्राइवेट फाइनेंस कंपनियां रिकवरी एजेंटों के माध्यम से ग्राहकों को डरा धमकाकर करके सार्वजनिक रूप से अपमानित कर आर्थिक उत्पीड़न कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां को लोन वसूली के लिए सख्त कानूनी प्रक्रिया अपनानी होती है वह धमकाकर बाहुबल का प्रयोग नहीं कर सकते उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रिकवरी एजेंट आपको सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे के बीच ही कॉल कर सकते हैं यदि वह आपके परिवार को डरा धमका कर अपमानित कर अनावश्यक उत्पीड़न कर रहे हैं तो इसकी शिकायत आप पुलिस में दर्ज करा सकते हैं। यदि आप किसी भी प्रकार से म्डप् देने में असमर्थ है तो कंपनी आपको भुगतान के लिए औपचारिक नोटिस भेज सकती है। परंतु नियमों का पालन फाइनेंस कंपनियां नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सोनभद्र की सड़कों पर आए दिन दुर्घटना से मौतें हो रही है सरकार द्वारा राहबीर योजना चलाई गई है इस योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के गोल्डन आवर के भीतर अस्पताल पहुंचने में मदद करता है तो उसे व्यक्ति को रू 25000 की धनराशि सरकार द्वारा देने का प्रावधान है इससे निस्वार्थ मदद करने वाले व्यक्ति से भी जोड़ा जाता है उन्होंने मांग किया कि इस योजना का जनपद में प्रचार प्रसार किया जाए बैठकों एवं अन्य माध्यमों से इसकी जानकारी आम जनता को दी जाए। एवं दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को उत्साह वर्धन हेतु तत्काल यह धनराशि दी जाए। श्री शर्मा ने कहा कि कि सड़क दुर्घटना में पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना 2025 से शुरू की गई है इस योजना के तहत अधिकतम डेढ़ लाख का उपचार खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है गोल्डन आवर में तुरंत उपचार सुनिश्चित करना इसका मुख्य उद्देश्य है यह सुविधा सरकारी एवं निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध है परंतु जनपद में आम आदमी इस योजना से अनभिज्ञ है।

इस योजना का प्रचार प्रसार व्यापक स्तर पर किया जाए जिससे दुर्घटना में घायल व्यक्ति को हर संभव मदद मिल सके। श्री शर्मा ने अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि इन दिनों जनपद में साइबर अपराध के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। कई बैंक खातों में अवैधानिक रूप से साइबर फ्रॉड का पैसा आ जाता है जिससे व्यापारियों को खाता संचालन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उसके लिए विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किए जाए।

## बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर में युवक की मौत

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज हलिया मार्ग स्थित गलरा गांव में रविवार की रात नौ बजे के करीब बाइक और ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक गंभीर रूप घायल हो गया। घटना के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवारों को उपचार हेतु एंबुलेंस से अस्पताल भेजा।

गलरा गांव निवासी 25 वर्षीय रविशंकर गलरा गांव के ही अपने साथी 24 वर्षीय राजू के साथ बाइक से प्रयागराज जिले के कोरांव गए थे। रात में बाइक से दोनों लोग अपने घर वापस लौट रहे थे जैसे ही गलरा गांव मोड़ के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकराते हुए सड़क पर गिर पड़े। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे एसआई टीपी सिंह, अंसार अहमद व मनोज कुमार राय ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी हलिया भेजा। जहां बाइक सवार राजू को देखते ही डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं बाइक चालक रविशंकर की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मृतक राजू दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था क्षेत्र के रतेह गांव स्थित पेट्रोल पंप पर अपने साथी रविशंकर के साथ सेल्समैन का कार्य करता था। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई है।

# महोबा कांड पर कांग्रेस का हल्लाबोल, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** महोबा में 'नीट' की तैयारी कर रही दलित छात्रा के अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और अमानवीय यातना की घटना को लेकर सोनभद्र कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की।

जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड के नेतृत्व में भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि छात्रा का 16 दिनों तक बंधक बनाकर नशीले इंजेक्शन दिए गए, सिगरेट से दागा गया और सामूहिक दुष्कर्म किया गया। कांग्रेस ने इसे उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा के दावों की पोल खोलने वाली घटना बताया। कांग्रेस ने पांच प्रमुख मांगें रखी जिनमें निष्पक्ष जांचदृपूरे प्रकरण की समयबद्ध उच्च स्तरीय जांच कराकर पीड़िता को जल्द न्याय दिलाया जाए, कठोरतम सजादृसभी आरोपियों और मददगारों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा दिलाई जाए, सुरक्षादृपीड़िता और परिवार को 24 घंटे पुलिस सुरक्षा दी जाए, क्योंकि उन्हें दबंगों और आरोपियों के करीबियों से खतरा है, आर्थिक मददद्पीड़िता के इलाज की व्यवस्था सरकार करे और परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। पुलिस पर कार्रवाई-अपहरण के बाद 16 दिनों तक निष्क्रिय रही स्थानीय पुलिस की भूमिका की जांच कर लापरवाह अधिकारियों को निलंबित किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पूरा समाज इस अमानवीय कृत्य से स्तब्ध और आक्रोशित है। कांग्रेस ने विश्वास जताया कि राज्यपाल संज्ञान लेकर तत्काल कठोरतम कार्रवाई के निर्देश देंगे। उपस्थित रहे शहर अध्यक्ष फरीद अहमद, पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, सेवादल जिलाध्यक्ष कौशलेश पाठक, कोषाध्यक्ष पीसीसी सदस्य राजबली पांडे, जिला उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी, जिला महासचिव दयाशंकर पांडे, त् ज् प् जिलाध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, जिला सचिव कन्ट्रोल प्रभारी आशीष सिंह, जिला सचिव मंजू देवी, शहर उपाध्यक्ष विशिष्ट चौबे, स्वतंत्र साहनी, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष लल्लू राम पांडे, व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में किशोरी हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जिले के पड़री थाना क्षेत्र में रविवार को हत्या कर फेंकी गई लाश का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में घायल करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से एक कट्टा .315 बोर मय जिंदा व खोखा कारतूस तथा हत्या की घटना में प्रयुक्त गमछा भी बरामद कर लिया गया है। किशोरी की लाश मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक ने हत्यारोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तारी के आदेश दिए थे जिनके निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर-नितेश सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर-मुनेन्द्र पाल सिंह नेतृत्व में थाना पड़री पुलिस टीम रविवार से हत्यारोपी के हरसंभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि देर रात थाना पड़री पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हत्यारोपी बिना नंबर की बाइक से ग्राम गौराराज की तरफ जा रहे है। उक्त सूचना पर थाना पड़री पुलिस टीम द्वारा बौड़री पहाड़ी के पास पीछा करते हुए घेराबन्दी किया तो पुलिस से स्वयं को घिरता देखकर गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे, परन्तु थाना पड़री पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी सीमित फायरिंग की गयी, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो। उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अजय बिंद पुत्र राम कुमार उम्र करीब-20 वर्ष निवासी सुखनई थाना मड़िहान बताया जिसकी जमा-तलाशी ली गयी तो उसको कब्जे सें मुठभेड़ की घटना में प्रयुक्त 1 कट्टा मय 1 जिन्दा व 1 खोखा कारतूस .315 बोर तथा एक गमछा बरामद हुआ जिसे उसके द्वारा हत्या की घटना में प्रयुक्त किया जाना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि उसके दोस्त राजन उर्फ साजन का मृतका से पूर्व से सम्बन्ध था। राजन ने मुझसे कहां कि चलो मैं अपने प्रेमिका से तुम्हे मिलाता हूं। हम दोनों लोग उससे मिलने के लिए गये, जहां राजन उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाने लगा, मैं भी शारीरिक सम्बन्ध बनाना चाहां तो मृतका ने उसका विरोध किया और शोर मचाना चाही, तो मैं उसके सीने पर पत्थर से मारा तथा मैं और राजन उसका मुंह व गला गमछे से दबा कर हत्या कर दिये तथा शव को खेत में फेंक कर भाग गये।

जब सुबह उनके घर वाले मुकदमा लिखवा दिये तब आज मैं पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए भाग रहा था, किन्तु अपने को पुलिस से घिरता देख मैने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया, मुझे भी गोली लगी है जिस कारण मैं भाग नही पाया और आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया। किशोरी हत्या कांड का त्वरित खुलासा करते हुए पुलिस टीम ने साजन बिन्द पुत्र पप्पू बिन्द व अजय बिंद पुत्र राम कुमार निवासीगण सुखनई थाना मड़िहान को गिरफ्तार किया है, इसमें अजय बिन्द को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से बालिका का गला घोट कर हत्या कारित करने वाला गमछा बरामद किया गया।

तीन किसानों का गेहूं और भूसा जलकर राख

# मड़हे और टीनशेड में अज्ञात कारणों से लगी आग

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में सोमवार दोपहर में अज्ञात कारणों से मड़हे व टिनशेड में आग लग गई।आग की लपटे उठती देख ग्रामीण सबमर्सिबल पंप की मदद से डिब्बा और बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन आग के विकराल रूप धारण करने पर ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पाया।आग की चपेट में आने से किसानों का गेंहू और भूसा जलकर राख हो गया।गलरा गांव निवासी बलराम शंकर तिवारी के घर पीछे स्थित मड़हे में अज्ञात कारणों से आग लग गई।आग की चपेट में आने से मड़हे के भीतर रखा भूसा व उपली जलकर राख हो गया। तेज हवाओं के चलने से आग बगल में गुलाब तिवारी के टिनशेड तक जा पहुंची टिनशेड के अन्दर रखा, उपली भूसा जलकर राख हो गया। इसके बाद आग फैलते हुए मस्तराम तिवारी के टिन शेड तक जा पहुंची।आग की चपेट में आने से किसान मस्तराम तिवारी का टिनशेड के भीतर रखा करीब पांच कुंतल गेहूं और भूसा तथा उपली जलकर राख हो गया।

आग ने पीपल के पेड़ को भी अपने चपेट में ले लिया फायर ब्रिगेड कर्मी सोहनलाल फायर मैन राजेश कुमार व वेद प्रकाश ने ग्रामीण शुभांशु मिश्रा विवेक मोहित धर्मेंद्र अनूप बालेश्वर अजय मनोकामना राजेश आशुतोष अरमान आदि की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पाया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल प्रभात दुबे ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित किसानो को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## समुद्र मंथन से श्रीकृष्ण जन्म तक गूंजती रही भागवत कथा

**मीरजापुर।** लालगंज तहसील क्षेत्र के बल्हिया खुर्द गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को श्री वृंदावन से पधारे कथावाचक पंडित प्रशांत कुमार मिश्रा ने समुद्र मंथन, वामन अवतार, अंबरीश चरित्र, श्रीराम अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए और पूरा कथा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक ने समुद्र मंथन प्रसंग सुनाते हुए कहा कि संघर्ष और धैर्य से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है। देवताओं और असुरों के मंथन से निकले अमृत का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी मनुष्य को धर्म और सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए।वामन अवतार की कथा में उन्होंने राजा बलि के त्याग और भगवान विष्णु के विराट स्वरूप का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य के पतन का कारण बनता है जबकि विनम्रता जीवन को महान बनाती है। अंबरीश चरित्र सुनाते हुए कथावाचक ने कहा कि भगवान अपने सच्चे भक्तों की रक्षा हर परिस्थिति में करते हैं। श्रीराम अवतार प्रसंग में उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों का वर्णन करते हुए कहा कि समाज को आज भी राम के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सत्य, त्याग और कर्तव्य पालन ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

## वृक्षारोपण एवं गंगा स्वचछता कार्यों की हुई समीक्षा

**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण तथा गंगा एवं सहायक नदियों के संरक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान शासन द्वारा निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्य के अनुरूप सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लगाए जाने वाले पौधों की सुरक्षा एवं उनकी जीवितता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। पूर्व वर्षों में कराए गए वृक्षारोपण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को नियमित निरीक्षण एवं निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान सड़क धूल (रोड डस्ट) नियंत्रण, घरेलू एवं व्यावसायिक अपशिष्टों के समुचित निस्तारण, अवैध डंपिंग रोकने, प्लास्टिक एवं निर्माण अपशिष्ट प्रबंधन तथा प्रदूषण नियंत्रण मानकों के अनुपालन पर विशेष बल दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित कराया जाए तथा विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाए।

## दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस का प्रदर्शन

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी एव शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राज्यपाल द्वारा जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल ने कहा कि महोबा जनपद में दलित छात्रा जो नीट की तैयारी कर रही थी कोचिंग से लौटते समय अपरहण कर के 16 दिनों तक प्रयागराज में बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने के विरोध में एवं पीड़िता को न्याय दिलाया जाए एवं प्रीत के परिवार को 50 लख रुपए का आर्थिक सहायता प्रदान किया जाए। अनुसूचित जाति की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रशनचिन्ह खड़ा कर दिया है इस जगन घटना की जितना निंदा की जाए वह काम है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक ने कहा कि घटना में सभी दोषियों को तत्काल गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई किया जाए की मांग करते हैं।

उपलब्धि पर परिवार में रहा जश्न का माहौल, बधाई देने के लिए लगा रहा तांता

# विजय गुप्ता ने देश की प्रतिष्ठित सीए परीक्षा को किया पास


विजय गुप्ता का मुंह मीठा कराते परिजन

तरूणमित्र न्यूज

**भदोही।** नगर के होनहार छात्र विजय गुप्ता ने देश की प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा को सफलतापूर्वक पास कर लिया है। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा लखनऊ में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में उनको सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर आधिकारिक रूप से उपाधि और सदस्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

विजय गुप्ता नगर के बाजार सलावत खां निवासी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता उर्फ मुन्नू लाल गुप्ता (लाल जीवन) व धनेशरा देवी के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल से पूरी की। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 91.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विजय ने विद्यालय का नाम रोशन किया था। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय (प्रयागराज) से स्नातक की पढ़ाई प्रथम श्रेणी में पूरी की। विजय ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, भाइयों और परिवार के सदस्यों को दिया। बताया कि हर कठिन परिस्थिति में इन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया। इसके साथ ही विजय ने अपने शिक्षकों, गुरुजनों और मित्रों के निरंतर मार्गदर्शन और संबल के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि इनके बिना इस मुकाम को हासिल करना संभव नहीं था।

यह सफलता इन सभी के सामूहिक आशीर्वाद का ही प्रतिफल है। विजय ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, अटूट निष्ठा और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के माध्यम से देश के वित्तीय एवं कराधान क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देना है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। विजय की इस उपलब्धि से उनके घर पर जश्न का माहौल रहा। जहां पर उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

## 27 मई को होगी निष्प्रयोज्य रद्दी पेपर की नीलामी

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मई को पूर्वाह्न 11 बजे पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में निष्प्रयोज्य रद्दी पेपर की सार्वजनिक नीलामी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक फर्म अथवा व्यक्तियों को समय से उपस्थित होकर प्रतिभाग करना होगा। नीलामी में शामिल होने हेतु प्रत्येक प्रतिभागी को धरोहर धनराशि के रूप में रू 5,000/- पूर्व जमानत राशि जमा करनी अनिवार्य होगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नीलामी में सर्वाधिक बोली लगाने वाले फर्म/व्यक्ति को उसी दिन नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि जमा कर संबंधित सामग्री अपने साथ ले जाना अनिवार्य होगा। नीलामी से संबंधित अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक सोनभद्र का होगा।






# तालाब में नहाने गये अधेड़ की डूबने से मौत, परिजन में कोहराम

**मड़ियाहूं।** स्थानीय तहसील क्षेत्र से एक दर्दनाक खबर सामने आई है जहां तालाब में नहाने गये एक अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। बताया गया कि नेवढ़िया थाना क्षेत्र के रसूलहा गांव स्थित भागवती कन्या विद्यालय के बगल में बने तालाब में सोमवार को वाराणसी जनपद के सिंधोरा गांव निवासी राजू बनवासी नहाने के लिए उतरे थे। इसी दौरान उन्होंने तालाब में छलांग लगायी लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं निकले। कुछ समय बाद आसपास मौजूद लोगों की नजर पड़ी तो व्यक्ति दिखाई नहीं दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने तालाब में खोजबीन शुरू करते हुये पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नेवढ़िया पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तालाब से व्यक्ति को बाहर निकालकर तत्काल रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचायी जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि मृतक पिछले करीब 20 वर्षों से अपने ससुराल रसूलहा गांव में रह रहा था। उसके दो बेटे हैं और दोनों का विवाह हो चुका है। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. ने घटना की पुष्टि की है। वहीं नेवढ़िया थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अंबेडकर प्रतिमा पर भगवा गमछा पर बवाल

**जौनपुर।** शहर के दीवानी तिराहे पर स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के साथ एक बार फिर अराजक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह प्रतिमा पर खाकी टोपी पहनाए जाने तथा गले में भगवा गमछा डाले जाने की जानकारी मिलते ही लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे और विरोध जताने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल प्रतिमा से टोपी और गमछा हटवाया तथा लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। काफी देर तक मौके पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की सक्रियता से मामला बढ़ने नहीं पाया। लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी इसी प्रतिमा पर अराजक तत्वों द्वारा कालिख पोत दी गई थी, जिसके बाद जनाक्रोश फैल गया था। उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर प्रतिमा की सफाई की थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सीओ सिटी ने बताया कि तिराहे पर लगे सीसीटीवी में अराजकतत्व कैद हुआ है, उसकी पहचान करके जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भूमि विवाद में पड़ोसियों ने पिता-पुत्री को लाठी डंडों से पीटा

**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के हसनपुर जमुवा गांव में भूमि विवाद में पिता पुत्री को पड़ोसियों ने लाठी डंडा से मार-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी सोमनाथ यादव उम्र लगभग 45 वर्ष शिवानी उम्र लगभग 17 वर्ष रविवार तीसरे पहर लगभग 4:30 बजे पिता पुत्री खेत में काम कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी चार-पांच की संख्या में आए और जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडा से पिता-पुत्री को मारपीटकर घायल कर दिया। यह भी बताया गया कि दयाशंकर यादव का खेत विरोधी पड़ोसी से एकदम सटा हुआ है और वह उस खेत पर अपना होने का दावा करता है। दयाशंकर ने पड़ोसियों से बहुत बार कहा कि तुम माप करवा लो यह जमीन हमारी है लेकिन वह लोग कुछ नहीं समझते आए दिन विवाद करते रहते हैं पड़ोसी कुछ दबंग किसम के हैं उनको किसी डर नहीं है कहते हैं जो करना हो कर लो कोई मेरा कुछ भी नहीं कर पाएगा। कुछ आरोपी पुलिस हिरासत में है और बाकी फरार है। पिता-पुत्री ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई हैं।

## योगी सरकार की धज्जियां उड़ा रहे विद्युत विभाग के अधिकारी

**जौनपुर।** शाहगंज पावर हाउस के अन्तर्गत खेतासराय सब स्टेशन के अंतर्गत पनौली ग्रामसभा में विगत 10 दिन से ट्रांसफार्मर जला हुआ हैं। लगातार शिकायत ऑनलाइन जिलाधिकारी एवं लखनऊ शिकायत किया जा रहा हैं। 24 से 48 घंटे में ट्रांसफार्मर लगा दिए जाने आश्वासन दिया जा रहा हैं। जब कि 250 घंटे से अधिक हो गया जिम्मेदार मौन हैं जब बीते कल मुझे फोन पर बिजलीकर्मी द्वारा बताया गया कि आज शाम तक आपके यहाँ ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। पीआर बन चुका है वहीं प्रधान बता रहे है कि पीआर उससे एक दिन पहले बन चुका है जहां तक मुझे जानकारी है कि पीआर बनने 24 घंटे तक ट्रांसफार्मर लगा दिया जाता है। प्रधान के अनुसार लगभग 50 घंटे से ज्यादा हो गए है और अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं आया है ये कहीं न कहीं विद्युत अधिकारियों की मनमानी है जो खुद को जिलाधिकारी समझ रहे हैं। इस भीषण गर्मी में गांव की जनता के साथ पशु पक्षी भी बेहाल है। किसानों की फसल भी सूख चुकी है। पूरा गांव अंधकारमय हो चुका है जहां सरकार एक तरफ दावा करती है कि हम 24 घंटे बिजली दे रहे हैं वहीं पनौली गांव लगभग 250 घंटे से अंधकारमय हैं। जिम्मेदार ऐसी का मजा ले रहे है। नेता मंत्री अधिकारी मस्त है। जनता त्रस्त हैं शिकायत कर्ता विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जब जेई को या एसडीओ को फोन लगाते है बेल जाती है फोन नहीं उठता है। इस प्रकार सरकार की धज्जियां उड़ाने वाले अधिकारियों के दंडात्मक कार्यवाही करनी चाहिए। समाचार के माध्यम से जिलाधिकारी की ध्यान आकृष्ट कराया मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करें जिससे आम जनमानस का भला हो।

## पीड़ित परिवार से मिले करणी सेना अध्यक्ष

**खेतासराय।** जनपद के चर्चित दूल्हा आजाद बिंद हत्याकांड को लेकर रविवार देर रात राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने स्वजनों को ढांढ़स बंधाते हुए हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। साथ ही प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ शीघ्र और कठोर कार्रवाई की मांग की। वीर प्रताप सिंह ने मृतक की बहन सौम्या बिंद से मुलाकात कर उनकी पीड़ा सुनी और मुख्यमंत्री के ओएसडी से फोन पर बात कराकर उन्हें मिलने के लिए भेजा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि निषाद समाज भाजपा का कोर वोटर माना जाता है, ऐसे में इससे अधिक दुखद क्या हो सकता है कि कोई युवक अपनी बारात लेकर जा रहा हो और हत्यारे उसकी अंतिम यात्रा निकाल दें। उन्होंने कहा कि इस घटना ने परिवार की सारी खुशियां छीन लीं और यह अपराध की एक्सट्रीम लेवल की घटना है। उन्होंने पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली भी कटघरे में है। उन्होंने कहा कि परिवार खासकर बहन सौम्या का अपने भाई के प्रति समर्पण देखकर वह भावुक हो गए। करणी सेना पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ एनकाउंटर की भी मांग करती है। इस दौरान दारा सिंह, सुनील, राजेश समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

**मछलीशहर।** मंहगाई, भ्रष्टाचार एवं नीट एवं अन्य परीक्षा में धांधली सहित कई मुद्दों को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तहसील में धरना प्रदर्शन किया। अपनी मागों से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव को सौंपा। इस अवसर में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के शासन में देश और प्रदेश में लूट मची है। विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक होने से नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। डीजल, पेट्रोल, गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से मंहगाई चरम पर पहुंच चुकी है। अघोषित विद्युत कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त है। प्रदेश, जिले, तहसील में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर सरकार का अंकुश नहीं है। बढ़ते अपराध के कारण आम जन असुरक्षित महसूस कर रहा है। भाजपा सरकार हर मुद्दे पर असफल है,सपा ही एक मात्र विकल्प है। इस अवसर पर विवेक यादव जिला महासचिव लोहिया वाहिनी के नेतृत्व में, पवन यादव अध्यक्ष युवजन सभा, रोहित यादव, प्रकाश सिंह, राहुल यादव योगेंद्र यादव, मुलायम यादव, कमलेश सरोज, रवि यादव, राइडर आदि उपस्थित रहे।

## विधवा की भूमि पर कब्जे के प्रयास में तीन पर मुकदमा

**खुटहन।** खुटहन गांव की एक विधवा महिला की भूमि पर अवैध कब्जा करने तथा विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर की गई। गांव निवासी पियारी देवी पत्नी स्व बिरतंती ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह अनुसूचित जाति की गरीब विधवा महिला हैं और उनकी भूमि पर गांव के ही राजेश, आकाश तथा विकास जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। आरोप है कि अपने पट्टे की आड़ में आरोपी उनकी जमीन पर निर्माण कराने की फिराक में है। पीड़िता के अनुसार 16 मई को जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने भद्दी गालियां देते हुए कुल्हाड़ी और लाठी-डंडा लेकर उन्हें दौड़ा लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अशोक हॉस्पिटल में विशाल नि:शुल्क सर्जरी कैंप में दर्जनों मरीज लाभान्वित



अशोक हॉस्पिटल में नि:शुल्क सर्जरी कैंप में महिला मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

**जौनपुर।** जफराबाद थाना के निकट महरूपुर स्थित अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से लैस अशोक हॉस्पिटल में विशाल नि:शुल्क सर्जरी कैम्प चार दिवसीय 22 से 25 मई तक आयोजित की गई जिसमें दूर-दराज क्षेत्रों से आए सैकड़ों मरीज ने कैंप में पहुंचकर लाभान्वित हुए। नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का शुभारंभ हॉस्पिटल के सीएमडी देवेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस हॉस्पिटल पर चिकित्सकीय परामर्श नि:शुल्क है। सिर्फ दवा, इम्प्लांट एवं जाँच का जरूरी पैसा लगता है और विभिन्न तरह के उपचार अलग-अलग रोगों के स्पेशलिस्ट द्वारा किया जाएगा। इसी क्रम में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉ. श्वेता सिंह एवं डॉ. तान्या पाण्डेय, डॉ. भव्या सिंह, गर्भाशय निकालने का ऑपरेशन (हिस्टेरेक्टॉमी) सीजेरियन डिलीवरी (सी-सेक्शन) अंडाशय की गांठ का ऑपरेशन बच्चेदानी की गांठ (फाइब्रॉइड) का ऑपरेशन, ओवरी सिस्ट सर्जरी, महिला मूत्र असंयम सर्जरी का इलाज किया जा रहा है। वहीं जनरल सर्जरी विभाग से डॉ. अरुण सिंह अपेंडिक्स की सर्जरी, हर्निया की सर्जरी, पित्त की थैली की सर्जरी, बवासीर की सर्जरी, फिशर की सर्जरी, फिस्टुला की सर्जरी, थायरॉइड की सर्जरी, स्तन की गांठ की सर्जरी, आंतों की सर्जरी गांठ निकालने की सर्जरी भी की जाएगी। कैंप में हड्डी रोग विभाग कान, नाक, गला रोग विभाग से संबंधित रोगों का इलाज कराया जा सकता है इसके लिए ख्यातिलब्ध डॉ. आशीष सिंघानिया, डॉ. अजय सिंह, डॉ. राजेश कुमार सिंह हड्डी टूटने का ऑपरेशन (फैक्चर सर्जरी) घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी, कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी, स्लिपडिस्क का ऑपरेशन, लिगामेंट सर्जरी ( ACL/PCL) बोन ट्यूमर सर्जरी, बच्चों की हड्डी संबंधी सर्जरी ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा सर्जरी, मूत्र रोग विभाग, डॉ. हिमांशु सिंह, किडनी स्टोन सर्जरी, पेशाब की नली की सर्जरी, हाइड्रोसील का ऑपरेशन, पुरुष नसबंदी ऑपरेशन, मूत्राशय ट्यूमर सर्जरी, प्रोस्टेट कैंसर सर्जरी, कैम्प में सर्जरी कराने हेतु मरीज पंजीकरण के लिए संपर्क कर सकते हैं। डॉ. ए.पी. यादव टॉन्सिल का ऑपरेशन (टॉन्सिलेक्टॉमी) नाक की हड्डी का ऑपरेशन, साइनस सर्जरी, कान के पर्दे का ऑपरेशन, कान की सर्जरी (मास्टॉइड सर्जरी), सुनने की क्षमता सुधार सर्जरी, नाक की गांठ / पॉलिप सर्जरी गले की सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी, आवाज संबंधी सर्जरी नाक बंद होने की सर्जरी की जाएगी। अस्पताल के सीएमडी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह जिले का पहला हॉस्पिटल है जहां नियमित दिनों में मात्र 20 में रोगी संबंधित डॉक्टर से परामर्श ले सकता है। इस दौरान हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विद्युत करंट से मौत पर पांच लाख रुपए क्षतिपूर्ति का आदेश

**जौनपुर।** बदलापुर थाना क्षेत्र निवासी सत्यम की ट्रैक्टर से जाते समय पोल से लटक रहे विद्युत तैयार की चपेट में आने से मौत के मामले में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता,सदस्य विजय शंकर श्रीवास्तव व रजनी सिंह ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय को आदेश दिया कि याचीगण को 5 लाख रुपए क्षतिपूर्ति 2 माह के अंदर 7% वार्षिक ब्याज की दर से अदा करें।

बता दें कि सत्यभामा सिंह व उनके पति रूपेश कुमार सिंह निवासी पूरा मुकुंद थाना बादलपुर ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय तथा उत्तर प्रदेश सरकार जरिए जिलाधिकारी के विरुद्ध स्थाई लोक अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया कि 15 जून 2022 को याचीगण का पुत्र सत्यम ट्रैक्टर से खेत में खाद डालने के लिए जा रहा था। घर के पीछे रामपुर संपर्क मार्ग के बगल में मातादीन की आटा चक्की के पास 11,000 वोल्ट का तार पोल से ढीला होकर लटक रहा था जिसे हटाने की सूचना लाइनमैन को दी गई थी लेकिन विद्युत विभाग द्वारा तार हटाए नहीं गया। तार ट्रैक्टर से टच हो जाने के कारण उसमें करंट आ गया जिससे याचीगण का लड़का सत्यम करंट की चपेट में आ गया। उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह दुर्घटना विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण तार के लटकाने के कारण हुई थी। बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी तार सही नहीं किया गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विद्युत विभाग की लापरवाही पाते हुए क्षतिपूर्ति का आदेश दिया।

# दूल्हे की मां ने कहा अभी घूम रहे चार आरोपी

**जौनपुर।** रवि यादव के मुठभेड़ में मारे जाने को लेकर दूल्हे की मां चारतारा ने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है और 25 दिन बाद पहला एनकाउंटर हुआ है। अभी दो नहीं, बल्कि चार-पांच आरोपी खुले घूम रहे हैं। एक आरोपी ने खुद सरेंडर कर दिया है, जबकि बाकी अब भी फरार हैं।

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जो वादा किया गया है, उस पर खरा उतरे। ऐसा नहीं होना चाहिए कि एक आरोपी पर कार्रवाई कर बाकी को छोड़ दिया जाए। अगर अपराधी खुले घूमते रहेंगे तो अपराध बढ़ता रहेगा और जब तक सभी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक न्याय अधूरा रहेगा। कहा कि उन्होंने कल अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि सत्ता उनके हाथ में नहीं है, लेकिन जो भी संभव होगा, वह सहयोग करेंगे। उन्होंने डीजीपी से मिलने के लिए कहा और फोन पर बात भी कराई। इसके बाद परिवार डीजीपी से मिला और सभी सबूत व दस्तावेज सौंपे। डीजीपी ने भरोसा दिलाया कि कड़ी कार्रवाई होगी और डरने की जरूरत नहीं है।

# तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बरैछामोड़।** संपूर्ण पूर्वांचल इन दिनों भीषण हीट वेव की चपेट में है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि कई स्थानों पर विद्युत व्यवस्था भी जवाब देती नजर आ रही है। ऐसे कठिन समय में लोगों को प्रकृति द्वारा प्रदत्त वृक्षों की उपयोगिता एक बार फिर याद आने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी में राहगीरों और आम जनमानस को यदि कहीं राहत मिल रही है तो वह केवल पेड़ों की छाया से। एक वृक्ष न केवल शीतलता प्रदान करते हैं बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद विडंबना यह है कि इन वृक्षों के विनाश के पीछे स्वयं मानव की भूमिका सबसे अधिक रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आज मनुष्य अपने ही कुकर्मों का परिणाम हीट वेव के रूप में भुगत रहा है। पूर्वांचल में लगातार बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया है। खासकर सड़कों पर सफर करने वाले राहगीरों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में जितने भी हाईवे और चौड़ी सड़कें बनाई गईं, उनके किनारों पर लगे पुराने और विशाल वृक्षों को बेरहमी से काट दिया गया। पहले जहां सड़क किनारे पेड़ों की हरियाली और छाया यात्रियों को राहत देती थी, वहीं अब दूर-दूर तक केवल तपती सड़कें दिखाई देती हैं। इसका सीधा असर पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि आधी खेती, आधी बारी जैसी पुरानी कहावत आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। यदि समय रहते वृक्षों का संरक्षण और बड़े पैमाने पर पौधरोपण नहीं किया गया तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण के साथ-साथ बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाए तथा कटे हुए पेड़ों के स्थान पर नए पौधे लगाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

## अचानक सीने में दर्द होने से ट्रक चालक की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के भदोही मार्ग पर स्थित एक होटल में खाना खाने के बाद अचानक खराब हुई हालत के कारण उपचार के दौरान ट्रक ड्राइवर ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि बलिया जनपद सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बसिरखा गांव निवासी राजेश कुमार यादव उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्र विश्वनाथ यादव रविवार को भदोही रोड स्थित एक होटल पर 11:00 बजे दिन में भोजन किया था। तभी कुछ समय बाद सीने में दर्द की शिकायत के कारणउनकी हालत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

# पुरुषोत्तम मास के नवें दिन हुई सीता विवाह की कथा

**बक्शा।** स्थानीय विकास खण्ड में उमरछा गांव स्थित मृत्युञ्जय महादेव धाम में चल रहे पुरुषोत्तम मास के नवें दिन रविवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही सुबह पंडित अभिनव मिश्र के मार्गदर्शन में सामूहिक ओम नम: शिवाय मंत्र का जाप और बेलपत्र अर्पण किया गया।

इस जाप में मुख्य रूप से सूर्यनाथ शुक्ल, शिवमुनि, अरविंद सिंह, नरेंद्र सिंह, ज्योति शुक्ल और शिवानी सिंह ने सहभागिता रही। धाम में लोक कल्याण के लिए पंडित अभिनव मिश्र द्वारा प्रतिदिन शिव पुराण का पाठ और विशेष रुद्राभिषेक भी कराया जाता है। रामचरितमानस मास परायण के नवें दिन व्यासपीठ से पंडित श्रेय मिश्र ने अपने सहयोगियों कैलाश शुक्ल, हीरामणी उपाध्याय और रामसागर शुक्ल के साथ नवम विश्राम तक की कथा का संगीतमय रसपान कराया। इस कथा में प्रभु श्रीराम और माता सीता के विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और मृत्युञ्जय महादेव धाम के व्यवस्था प्रमुख सुशील कुमार उपाध्याय ने उपस्थित भक्त जनों से कहा कि, पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव की आराधना और प्रभु श्री राम की कथा का श्रवण अनंत पुण्यों को देने वाला है। मृत्युञ्जय महादेव धाम में चल रहे इन धार्मिक अनुष्ठानों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुख, समृद्धि और लोक कल्याण की भावना को जागृत करना है। सनातन संस्कृति की यह अनमोल धरोहर हमारी युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आकर इस पुण्य लाभ को प्राप्त करने का आह्वान किया। इस पावन अवसर पर रमाशंकर उपाध्याय, प्रभाकर शुक्ल, लालप्रताप सिंह, सतीश कुमार उपाध्याय, ओमप्रकाश सिंह, राजन सिंह, प्रेम चंद्र शर्मा, पद्मा उपाध्याय, नीलम, सरोज सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया।

## रुक्मिणी विवाह प्रसंग से भावविभोर हुए श्रद्धालु

**खुटहन।** त्रिकौलिया गांव में सर्वे भवन्तु सुखिन की अवधारणा से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रारंभ से पूर्व मुख्य यजमान विजय बहादुर पुजारी के द्वारा अर्चन-पूजन के कथा का शुभारंभ किया गया। कथा व्यास पं. अखिलेश चन्द्र मिश्र ने महारास प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि महारास स्त्री-पुरुष का मिलन नहीं, बल्कि जीव का परमात्मा के चरणों में प्रेमपूर्ण समर्पण है। उन्होंने बताया कि गोपियों के अनन्य प्रेम के आगे उद्धव जैसे ज्ञानी भी नतमस्तक हो गए थे। रुक्मिणी विवाह प्रसंग में कथा व्यास ने कहा कि रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा हैं और लक्ष्मीपति केवल भगवान नारायण हैं। इसलिए लक्ष्मी के प्रति मातृभाव रखना ही कल्याणकारी है। शिवम उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत मर्मस्पर्शी धार्मिक गीतों ने सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर डॉ. हौसिला प्रसाद द्विवेदी, पं. सत्य प्रकाश मिश्रा, चंद्रपाल यादव, बेचन पाण्डेय, ओमप्रकाश दूबे, जीतबहादुर यादव, बिपिन सिंह, हौसिला प्रसाद दूबे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मोहम्मद सैफ को किया सम्मानित

**मड़ियाहूं।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के चोरारी गांव स्थित मदरसा बैतूल उलूम में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर मुंशी मौलवी सेकेंडरी की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान व प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र मोहम्मद सैफ को सम्मानित किया गया। मदरसा के प्रधानाचार्य मोहम्मद शोएब ने सैफ को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कहा कि सैफ की इस सफलता से मदरसे का ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। प्रबंधक असगर अली ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया। इस अवसर पर अध्यापक अबुल कासिम, मोहम्मद अहमद, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रीकला धनंजय सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**शाहगंज।** नगर के जैसीज चौराहे स्थित मंदिर परिसर में एजाज अली के सौजन्य से पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला धनंजय सिंह का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं तथा उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम में मौजूद जौनपुर प्रेस क्लब शाहगंज के अध्यक्ष चंदन कुमार जायसवाल सहित समर्थकों और शुभचिंतकों ने श्रीकला धनंजय सिंह के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन समारोह के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य लोग, युवा समर्थक, शाहगंज स्क्वायर क्लब एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूरे आयोजन का माहौल उत्सवमय बना रहा।

# अभिताश गुप्ता बने लायंस क्लब रॉयल के अध्यक्ष



लायंस क्लब रॉयल के कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**जौनपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की जनपद इकाई लायंस क्लब रॉयल का सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी का चुनाव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस सम्बन्ध में क्लब की एक आम सभा शनिवार को देर शाम नगर के एक होटल में क्लब अध्यक्ष संजीव साहू की अध्यक्षता में हुई। सभी का स्वागत करते हुए क्लब अध्यक्ष संजीव साहू ने पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श कर आगे की रूपरेखा तय किया। इसके उपरांत नये सत्र के अध्यक्ष हेतु चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने प्रथम उपाध्यक्ष का नाम सदन में पेश किया जिसका अनुमोदन राजेश किशोर व प्रदीप प्रधान ने किया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने हर्ष ध्वनि के साथ अपनी सहमति प्रदान किया इसके बाद निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए अभिताश गुप्ता ने अपनी सहमति व्यक्त किया साथ ही सभी सम्मानित सदस्यों से वर्ष भर सहयोग की अपेक्षा किया ताकि अपने से कम भाग्यशाली लोगों की सेवा में क्लब अग्रणी भूमिका निभाता रहें साथ ही उन्होंने सहयोगी के रूप में सचिव पद हेतु आशीष गुप्ता व कोषाध्यक्ष पद हेतु राजेन्द्र सेठ का नाम सदन में रखा जिस पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर आशीष चौरसिया, संतोष अग्रहरि, राज केशरी, डा. विष्णु गौंड़, रवि शर्मा, अभिषेक जायसवाल, रवि गुप्ता, अभिषेक जायसवाल, अमित गुप्ता, गोपाल साहू, रसाल बरनवाल, राजेश अग्रहरि, विनय साहू, संदीप सेठी, योगेश साहू, अजय मोदनवाल, संजय वर्मा, विनीत गुप्ता, यश बैंकर, सिद्धार्थ साहू, रजनीश केशरी इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नाड़ी वैद्य डॉ. कुसुम पाण्डेय को मिला बेस्ट आयुर्वेदिक प्रैक्टिशनर अवार्ड



बेस्ट अवार्ड प्राप्त करती डा. कुसुम पाण्डेय

**जौनपुर।** शहर के जेसीज चौराहा वाजिदपुर रोड स्थित अम्मा हॉस्पिटल एवं पंचकर्म सेंटर की प्रख्यात नाड़ी वैद्य डा0 कुसुम पाण्डेय (आयुर्वेदाचार्य) को सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक (बेस्ट आयुर्वेदिक प्रैक्टिशनर अवार्ड) कटेगरी में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें बीते 23 एवं 24 मई को मुम्बई में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में आयुष ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड एंड कान्फ्रेन्स 2026 में मिला। आयुष दर्पण फाउण्डेशन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में भारत के वरिष्ठ एवं सुप्रसिद्ध वैद्य उमाशंकर निगम, नाड़ी एवं मर्म गुरू डा0 नवीन जोशी डा0 प्रियरंजन तिवारी एवं प्रसिद्ध वैद्य रमेश राजगुरू द्वारा संयुक्त रूप से डा0 कुसुम पाण्डेय को शाल एवं स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी ने डा0 कुसुम पाण्डेय द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना भी किया। बताते चलें कि डा0 कुसुम पाण्डेय अम्मा हॉस्पिटल में विद्धकर्म, अधिकर्म, जलौका, मर्म थिरेपी, नाड़ी परीक्षण, पंचकर्म एवं अन्य पद्धतियों से मरीजों का सफल उपचार करती चली आ रही है।

# डीआईजी वैभव कृष्ण ने घायल इंस्पेक्टर का जाना हाल

**जौनपुर।** चर्चित दूल्हा हत्याकांड में एक लाख के इनामी बदमाश रवि यादव के एनकाउंटर के बाद वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मुठभेड़ में घायल लाइन बाजार थाना प्रभारी केपी सिंह का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि 24/25 मई की रात खेतासराय थाना क्षेत्र में पुलिस की घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश रवि यादव घायल हो गया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। रवि यादव एक मई 2026 को बारात के दौरान दूल्हा आजाद बिंद की हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। मुठभेड़ के दौरान लाइन बाजार थाना प्रभारी के.पी. सिंह गोली लगने से घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। वहीं एसओजी के उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश शुक्ला और प्रवीण यादव की बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी गोलियां लगीं, जिससे दोनों बाल-बाल बच गए। डीआईजी वैभव कृष्ण ने अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया और बाद में घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूल्हा हत्याकांड में फरार अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि पूरे मामले का खुलासा कर कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

## वेलकेयर डायग्नोसिस सेन्टर पर लगा ताला

**जलालपुर।** क्षेत्र के बीबनमऊ गेट के समीप अपना बाजार में स्थित वेलकेयर डायग्नोसिस सेन्टर पर सोमवार को डिप्टी सीएमओ डा. आलोक कुमार सिंह केराकत ने नोटिस चश्पा कराके ताला लगवा दिया। सीएचसी अधीक्षक रेहटी जलालपुर से इस सम्बन्ध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वेलकेयर डायग्नोसिस सेन्टर का कोई भी कागजात पूर्ण नहीं है। इसके बावजूद सेन्टर चलाने लगे इस लिए उनको नोटिस देकर डायग्नोसिस सेन्टर में ताला लगा दिया गया है।

# सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**जौनपुर।** महोबा जनपद की दलित बेटी का प्रयागराज में अपहरण के बाद सोलह दिनों तक हुए सामूहिक दुष्कर्म और प्रताड़ना के खिलाफ आक्रोशित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गयी है, महिलाओं, बहन बेटियों और छात्राओं की आबरु सुरक्षित नहीं है, सरकार डबल इंजन का स्वांग रचती रहती है किंतु हौसला बुलंद अपराधियों पर अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह फेल हो गयी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि महोबा की दलित बेटी जो नीट की परिक्षा की तैयारी कर रही थी, जिसने पढ़ लिख कर देश सेवा का संकल्प लिया था ऐसे होनहार बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मशार कर दिया है। डा. प्रमोद कुमार सिंह ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अपराधियों को संरक्षण देने की नीति के कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से पंगु हो गयी है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सभी दावों की हवा निकल चुकी है। डा. प्रमोद कुमार सिंह ने सरकार से मांग किया कि दलित बेटी को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले सभी अपराधियों को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए। धरना-प्रदर्शन के अंत में कांग्रेसियों ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। धरना प्रदर्शन का संचालन संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा ने किया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रेखा सिंह, लाल प्रकाश पाल, देवराज पांडेय, अरुण शुक्ला, सभासद शहनवाज मंजूर, रमेश चंद्र पाल, अनिल सोनकर, राजीव निषाद, राजकुमारी मिश्रा, प्रवेश निषाद, इरशाद खान राजू, राजकुमार गुप्ता, तौफीक अहमद, मकसूद खान, इकबाल हुसैन, सरिता यादव, मुहम्मद ताहिर, अजय सोनकर एडवोकेट, इस्तखारूल प्रधान, संतोष निषाद, रईस अहमद, अरविंद यादव, विजय बहादुर यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव निवासी अंकुर कुमार पुत्र संदीप 13 वर्ष व अमित कुमार पुत्र दिनेश 16 वर्ष बाइक से केराकत स्थित गोमतेश्वर महादेव मंदिर पर हो रही शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे जैसे ही गोमती नदी पुल के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार ऑटो विपरीत दिशा में जाकर बाइक सवार को आमने - सामने टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना स्थल पर आस - पास के लोगो को आता देख ऑटो चालक वाहन समेत फरार हो गया। मौजूद भीड़ ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने घायलों की स्थिति गंभीर देख बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर कर दिया।वही घटना की जानकारी होने पर पुलिस सामुदायिक केंद्र पहुंच जांच पड़ताल की।

तरुणमित्र

मंगलवार, 26 मई 2026

संवत- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 10

# मिलावट खोरी से मुक्ति कब

*देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट का सवाल अब केवल उपभोक्ता अधिकार या बाजार नियंत्रण का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक नैतिकता से जुड़ा राष्ट्रीय संकट बनता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार जीरो टॉलरेंस की बात कर रही हैं। त्योहारों पर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। दूध, मावा, तेल, मसाले और मिठाइयों के नमूने लिए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद मिलावट का जाल टूटता दिखाई नहीं देता। मिलावटखोरों की सक्रियता यह संकेत देती है कि कानून का डर अभी भी उतना प्रभावी नहीं बन पाया है, जितना होना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े इस चिंता को और गहरा करते हैं। केंद्र सरकार के अनुसार, 2024-25 में खाद्य सुरक्षा और मिलावट से जुड़ी 7700 से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं। 2022-23 में यह संख्या लगभग 4330 थी, जो अगले वर्ष बढ़कर 4735 तक पहुंच गई। शिकायतों में वृद्धि को केवल जागरूकता का परिणाम मान लेना पर्याप्त नहीं होगा। बाजार में नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार नए रूपों में फैल रहा है। सबसे अधिक चिंता दूध और दुग्ध उत्पादों को लेकर सामने आती है। उत्तर भारत के कई राज्यों में दूध, मावा, घी और पनीर के नमूनों में भारी गड़बड़ियां मिली हैं। दूसरी ओर, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में शिकायतें अपेक्षाकृत कम हैं। वहां स्थानीय निगरानी व्यवस्था, सहकारी मॉडल और उपभोक्ता जागरूकता बेहतर मानी जाती है। यह अंतर बताता है कि केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसकी स्थानीय और सामाजिक स्तर पर प्रभावी क्रियान्विति भी जरूरी है।*

*राजस्थान ने हाल के वर्षों में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' जैसे अभियान चलाकर इस दिशा में सक्रिय पहल की है। कई जिलों में मावा, मसाले और तेल के नमूने फेल पाए गए। सैकड़ों मामलों में दोष सिद्ध होना यह दर्शाता है कि मिलावट का नेटवर्क कितना गहरा और संगठित है। कुछ राज्यों के प्रयोग उम्मीद भी जगाते हैं। गुजरात का 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' मॉडल उल्लेखनीय माना जा रहा है। मोबाइल प्रयोगशालाओं के जरिए गांवों और कस्बों में मौके पर जांच की व्यवस्था ने निगरानी को अधिक प्रभावी बनाया। केरल ने होटल और खाद्य प्रतिष्ठानों की डिजिटल रेटिंग प्रणाली शुरू कर उपभोक्ताओं को स्वच्छता और गुणवत्ता की जानकारी देना शुरू किया। तमिलनाडु ने स्कूलों में फूड सेफ्टी क्लब बनाकर बच्चों को जागरूक करने का प्रयास किया। ये उदाहरण बताते हैं कि यदि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामाजिक भागीदारी साथ हो, तो बदलाव संभव है। लेकिन मूल प्रश्न बना हुआ है कि आखिर मिलावटखोरी रुक क्यों नहीं रही? इसका पहला कारण है तेजी से बढ़ता उपभोक्तावाद और आसान मुनाफे की मानसिकता। कम लागत में अधिक कमाई की लालसा समाज के एक हिस्से को अपराध की ओर धकेल रही है। दूसरा कारण निगरानी तंत्र की सीमाएं हैं। देश में खाद्य कारोबार करने वाली इकाइयों की संख्या लाखों में है, लेकिन निरीक्षकों और प्रयोगशालाओं की संख्या सीमित है। तीसरी और सबसे गंभीर समस्या उपभोक्ता स्तर पर है। लोग सस्ते सामान के आकर्षण में बिना गुणवत्ता जांच वाले खाद्य पदार्थ खरीद लेते हैं। जब तक उपभोक्ता स्वयं सजग नहीं होंगे, तब तक सरकारी अभियान अकेले निर्णायक परिणाम नहीं दे पाएंगे। इस समस्या का स्थायी समाधान व्यापक सामाजिक परिवर्तन में छिपा है। हर जिले में आधुनिक खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना हो। मोबाइल टेस्टिंग वैन को गांवों तक पहुंचाया जाए। शिक्षण संस्थानों में बच्चों को मिलावट पहचानने के सरल तरीके सिखाना आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम हो सकता है। साथ ही, दोषी कारोबारियों के उजागर करने की नीति लागू होनी चाहिए।*

# कॉकरोच जनता पार्टी: अपमान से जन्मा डिजिटल जनविद्रोह



**– प्रो. आरके जैन "अरिजीत" –**

सपनों की उम्र जब नीट के पेपर लीक, अधूरी भर्तियों और बेरोजगारी में उलझे, तब गुस्सा भीतर ही भीतर जमा होने लगता है। 15 मई 2026 की अदालत टिप्पणी ने उसी दबे आक्रोश को आवाज दी। जब मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में कुछ बेरोजगार युवाओं को "कॉकरोच" और "परजीवी" कहा, तो यह बयान पूरी पीढ़ी के आत्मसम्मान पर चोट बन गया। युवाओं ने चुप रहने के बजाय अपमान को प्रतिरोध में बदला दिया। कुछ ही दिनों में "कॉकरोच जनता पार्टी" अभियान सोशल मीडिया पर फैल गया और उसके फॉलोअर्स कई मिलियन पार कर गए। यह लोकप्रियता नहीं, बल्कि गहरे असंतोष और टूटते भरोसे का संकेत है, जिसे युवा लंबे समय से भीतर दबाए बैठे हैं। अभिजीत दीपके ने इसे व्यंग्य के रूप में शुरू किया था, लेकिन अब यह मजाक की सीमा बहुत पीछे छोड़ चुका है।

यह सिर्फ इंटरनेट पर चल रहा कोई क्षणिक मजाक या मीम अभियान नहीं है, इसके पीछे उस पीढ़ी की घुटन है, जो डिग्री लेकर भी बेरोजगारी की कतारों में खड़ी है। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं, भर्तियां रद्द होती हैं और परिणाम अटक जाते हैं। लाखों युवा कोचिंग में समय, पैसा और मानसिक शांति खो रहे हैं। ऐसे में जब व्यवस्था उन्हें "परजीवी" की नजर से देखे, तो आक्रोश फूटना स्वाभाविक है। युवाओं ने "कॉकरोच" शब्द को अपमान नहीं, बल्कि प्रतिरोध की पहचान बना दिया। उनका संदेश है – व्यवस्था उन्हें कितना भी कुचलने की कोशिश करे, वे मिटने वाले नहीं हैं। जैसे कॉकरोच हर कठिन परिस्थिति में जीवित रह जाता है, वैसे ही यह पीढ़ी भी संघर्षों के बीच खुद को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।

लंबे भाषणों और नारों के बीच "कॉकरोच जनता पार्टी" ने व्यंग्य को अपना हथियार बना लिया है। जहां पारंपरिक राजनीतिक दल विचारधाराओं में उलझते हैं, वहीं यह अभियान मीम्स, छोटे वीडियो और इंटरनेट संस्कृति से युवाओं से जुड़ रहा है। इसकी सदस्यता की शर्तें भी व्यवस्था पर तंज हैं- बेरोजगार होना, दिनभर ऑनलाइन रहना, पेशेवर ढंग से शिकायत करना और आलसी दिखना। पहली नजर में यह मजाक लगता है, लेकिन इसमें आज के युवा भारत की सच्चाई छिपी है। करोड़ों युवाओं के पास डिग्री और मेहनत है, पर अवसर नहीं। इसी कारण सोशल मीडिया पर लाखों युवा "मैं भी कॉकरोच हूं" कहकर अपनी पीड़ा साझा कर रहे हैं। कोई 5 साल से परीक्षा की तैयारी में अटका है, किसी को साक्षात्कार के बाद भी नौकरी नहीं मिली, तो कोई असफलताओं से टूट चुका है।

यह आंदोलन केवल बेरोजगारी नहीं, बल्कि युवाओं के मानसिक दबाव को भी उजागर कर रहा है। नौकरी का अभाव सिर्फ आय नहीं छीनता, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को कमजोर करता है। देश में युवा अवसाद, अकेलेपन और भविष्य के भय से जूझ रहे हैं। छोटे शहरों और गांवों से छात्र बड़े शहरों में कोचिंग और नौकरी की तलाश में आते हैं, लेकिन असफलता और असुरक्षा उनका पीछा करती है। परिवार की उम्मीदें, समाज के ताने और सोशल मीडिया की बनावटी सफलताएं इस दबाव को बढ़ा देती हैं। "कॉकरोच जनता पार्टी" ने इस दर्द को सार्वजनिक चर्चा में जगह दी है। यही कारण है कि यह आंदोलन इंटरनेट से आगे बढ़कर दिल्ली, मुंबई, पुणे और बेंगलुरु जैसे शहरों में ऑफलाइन मुलाकातों और छोटे कस्बों में व्हाट्सऐप समूहों के जरिए लोगों को जोड़ रहा है।

स्क्रीन पर उठती प्रतिक्रियाएं अब वैश्विक राजनीति की नई शुरुआत बन चुकी हैं। पिछले दशक में कई बड़े जनआंदोलन सोशल मीडिया से ही शुरू हुए। अरब स्प्रिंग में युवाओं ने फेसबुक और ट्विटर से सत्ता को चुनौती दी, श्रीलंका के आर्थिक संकट में ऑनलाइन गुस्सा सड़कों तक पहुंचा और सरकार परिवर्तन हुआ, जबकि बांग्लादेश में छात्रों ने डिजिटल मंचों को आंदोलन का साधन बनाया। इसी बदलाव के बीच भारत में "कॉकरोच जनता पार्टी" एक नए दौर का संकेत देती है, जहां इंटरनेट केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जनभावनाओं का मंच बन चुका है। यहां शुरुआत गंभीर नारों से नहीं, बल्कि व्यंग्य और हास्य से हुई है। लेकिन इतिहास बताता है कि कई बार सबसे हल्की हंसी के भीतर गहरा असंतोष छिपा होता है।

सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह केवल डिजिटल शोर बनकर रह जाएगा या आगे चलकर चुनावी ताकत में बदल पाएगा। "कॉकरोच जनता पार्टी" के पास फिलहाल कोई संगठित ढांचा नहीं है- न चुनावी मशीनरी, न संसाधन और न मजबूत जमीनी नेटवर्क। लेकिन उसकी ताकत उसी जगह है जहां आज राजनीति बदल रही है- डिजिटल स्पेस। लाखों युवाओं का जुड़ना दिखाता है कि देश में असंतोष का नया रूप उभर रहा है। यदि यह आंदोलन छात्र संगठनों, बेरोजगार युवाओं या क्षेत्रीय शक्तियों से जुड़ता है, तो यह पारंपरिक दलों के लिए चुनौती बन सकता है। कुछ विपक्षी नेताओं ने भी इसे युवा असंतोष का प्रतिबिंब माना है। साफ है कि अब सत्ता और विपक्ष दोनों इसे नजरअंदाज नहीं कर पा रहे हैं।

डिजिटल युग में किसी आंदोलन की असली परीक्षा केवल उसकी लोकप्रियता नहीं, बल्कि उस पर सत्ता की प्रतिक्रिया भी होती है। सोशल मीडिया पर खातों को सीमित करना, सामग्री हटाना और इस अभियान को "राष्ट्रविरोधी" या "अराजक" बताने की कोशिशें दिखाती हैं कि इसे हल्के में नहीं लिया जा रहा। लेकिन इंटरनेट के दौर में विचारों को पूरी तरह रोकना कठिन है, खासकर जब वे करोड़ों युवाओं के अनुभव से जुड़े हों। यही कारण है कि "कॉकरोच" का प्रतीक इतना प्रभावी बन गया है- वह दबाने पर भी खत्म नहीं होता। आज का युवा पारंपरिक मीडिया पर निर्भर नहीं है; वह स्वयं कंटेंट बनाता है, विचार गढ़ता है और वायरल कर देता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" इसी डिजिटल आत्मनिर्भरता का परिणाम है।

जब दर्द आवाज बनने लगे और स्क्रीन पर दिखने लगे, तो वह सिर्फ ट्रेंड नहीं रहता, संकेत बन जाता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" अब इंटरनेट मजाक नहीं, बल्कि उस पीढ़ी की अभिव्यक्ति है जो खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस करती है। इसका भविष्य अनिश्चित है- यह शांत हो सकता है या बदलाव का कारण बन सकता है।

इतिहास दिखाता है कि सत्ता अक्सर युवा असंतोष को शुरुआत में हल्के में लेती है। लेकिन यह पीढ़ी अब चुप नहीं है; वह दर्द को मीम, अपमान को प्रतीक और गुस्से को डिजिटल आंदोलन में बदल रही है। यह केवल नाम नहीं, बल्कि चेतावनी है-और जब उपहास जनता का हथियार बन जाता है, तब सबसे मजबूत व्यवस्थाएं भी भीतर से दरकने लगती हैं।

# ब्रिटेन से लौट रही भारतीय विरासत: जैन पांडुलिपियों की ऐतिहासिक घर-वापसी



**– ज्योति जैन –**

भारत की पहचान केवल उसकी भौगोलिक सीमाओं से नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध संस्कृति, ज्ञान परंपरा और ऐतिहासिक धरोहरों से होती है। सदियों पुरानी पांडुलिपियां, धार्मिक ग्रंथ और ऐतिहासिक दस्तावेज हमारे गौरवशाली अतीत के जीवंत प्रमाण हैं। किंतु दुर्भाग्यवश भारत की इस ज्ञान सम्पदा को विभिन्न देशों द्वारा समय-समय पर लूटा गया। पिछली सदियों में भारत की अनेक दुर्लभ धार्मिक और ऐतिहासिक पांडुलिपियां यूरोप के संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संस्थानों तक पहुंचने लगीं। उस समय ब्रिटिश शासन के दौरान कई विदेशी विद्वान, शोधकर्ता और संग्रहकर्ता भारतीय ग्रंथों को अध्ययन और संरक्षण के नाम पर अपने साथ ले गए। इन्हीं में जैन धर्म से संबंधित हजारों पांडुलिपियां भी शामिल थीं, जिन्हें 20वीं सदी के आरंभ में ब्रिटेन ले जाया गया और बाद में लंदन के प्रसिद्ध Wellcome Collection में संरक्षित कर लिया गया।

ऐसे में ब्रिटेन के प्रसिद्ध 'वेलकम कलेक्शन' द्वारा जैन समुदाय की 2,000 से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियों को वापस लौटाने का निर्णय भारतीय संस्कृति और विरासत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक माना जा रहा है।

लगभग एक सदी से भी अधिक समय से लंदन में सुरक्षित रखी गई ये पांडुलिपियां अब अपने मूल समुदाय तक पहुंचने जा रही हैं। यह केवल प्राचीन दस्तावेजों की वापसी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, ऐतिहासिक गौरव और आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना है। इस निर्णय ने न केवल जैन समुदाय, बल्कि पूरे देश को गर्व और संतोष का अनुभव कराया है। इन पांडुलिपियों का संग्रह अत्यंत दुर्लभ और बहुमूल्य माना जाता है। इनमें 15वीं से 19वीं शताब्दी तक के धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और वैज्ञानिक ग्रंथ शामिल हैं। प्राकृत, संस्कृत, गुजराती, राजस्थानी और पुरानी हिंदी जैसी भाषाओं में लिखे गए ये दस्तावेज भारतीय ज्ञान-विज्ञान और दर्शन की समृद्ध परंपरा को दर्शाते हैं।

जैन धर्म के प्रसिद्ध ग्रंथ 'कल्पसूत्र' की सुंदर चित्रित प्रतियां भी इस संग्रह का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त चिकित्सा, नैतिकता और सामाजिक जीवन से जुड़े अनेक दुर्लभ ग्रंथ भी इसमें सुरक्षित हैं। इन पांडुलिपियों का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी अत्यंत व्यापक है। कई दस्तावेज ऐसे हैं जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े विचारों तथा ब्रिटिश शासन की आलोचना को उजागर करते हैं। इन ग्रंथों में निहित नैतिक मूल्यों और मानवीय विचारों ने महात्मा गांधी और अन्य नेताओं को भी प्रभावित किया था। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसने समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस ऐतिहासिक पहल के पीछे लंदन स्थित 'इंस्टीट्यूट ऑफ जैनोलॉजी' और वेलकम कलेक्शन के बीच हुआ सहयोग महत्वपूर्ण है। समझौते के तहत इन पांडुलिपियों को प्रारंभ में बर्मिंघम विश्वविद्यालय के 'धर्मनाथ नेटवर्क इन जैन स्टडीज' में संरक्षित किया जाएगा, जहां विशेषज्ञ इनके अध्ययन, अनुवाद और संरक्षण का कार्य करेंगे। इससे शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और इतिहासकारों को भारतीय संस्कृति और जैन दर्शन को गहराई से समझने का अवसर मिलेगा। इंस्टीट्यूट ऑफ जैनोलॉजी के प्रबंध न्यासी Mehul Sanghrajka ने इस निर्णय को सांस्कृतिक सहयोग का नया मॉडल बताया है। उनका कहना है कि यह कदम केवल धरोहरों की वापसी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम है। वास्तव में, आज के आधुनिक और तकनीकी युग में अपनी सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय विश्वभर के संग्रहालयों और संस्थानों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा। इससे अन्य देशों में सुरक्षित भारतीय धरोहरों की वापसी के लिए भी सकारात्मक वातावरण तैयार हो सकता है। साथ ही यह संदेश भी मजबूत होगा कि किसी भी देश की सांस्कृतिक संपत्ति उसी देश और समाज की आत्मा होती है।

अंततः कहा जा सकता है कि जैन पांडुलिपियों की यह ऐतिहासिक घर-वापसी केवल अतीत की स्मृतियों को लौटाने का प्रयास नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को अपनी विरासत, संस्कृति और मूल्यों से जोड़ते हुए भारतीय सभ्यता के गौरव को और अधिक सशक्त बनाएगी।

**शिक्षिका, आगरा ( उ.प्र. )**

# ...आज का दिन...

**मेष**- स्वाध्याय की ओर रुचि, व्यापारिक आर्थिक उन्नति हेतु प्रयास सफल, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान।

**वृषभ**- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, भौतिक सुख सुविधा के साधन सुलभ, दाम्पत्य सुख।

**मिथुन**- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, व्यक्तिगत समस्या के समाधान हेतु विचलित, मित्रों-स्वजनों से मनमुटाव, परिवार में अनावश्यक खर्च, विरोधियों का वर्चस्व।

**कर्क**- पारिवारिक सौहार्द, नवसम्पर्क से कुछेक मसले सुलझने को, सामयिक कार्यों में अनुकूलता, धर्म-अध्यात्म की ओर रुझान, आत्मबल में वृद्धि, यात्रा सफल।

**सिंह**- कार्य-व्यवसाय में विस्तार व परिवर्तन की योजना फलीभूत, परिवार में धार्मिक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, प्रतिष्ठा में वृद्धि।

**कन्या**- परिस्थितियां सुधार पर, सामयिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क से कुछेक समले पक्ष में सुलझने की ओर, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, संत समागम।

**तुला**- समय असंतोषजनक, भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, विरोधी हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में परेशानी।

**वृश्चिक**- शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, प्रियजनों के सहयोग से समस्या का समाधान, व्यापारिक वातावरण मन के अनुकूल, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

**धनु**- अभीष्ट सिद्धि हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि।

**मकर**- समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, आर्थिक व्यावसायिक प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, स्वास्थ्य सुधार पर, बकाये धन की प्राप्ति, रचनात्मक कार्यों में रुझान।

**कुम्भ**- सामयिक कार्यों में प्रतिकूलता, आरोग्य सुख में कमी, व्यावसायिक पक्ष से चिन्ता, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति में बाधा, प्रियजनों से मनमुटाव, सामाजिक पक्ष से कष्ट।

**मीन**- कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों की निवृत्ति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, धार्मिक क्रिया-कलापों में अभिरुचि, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722

## चंदौली

# डॉ. विनय कुमार वर्मा की पुस्तक 'जीवन के मौलिक सूत्र लोकार्पित

◆ कुलसचिव डॉ. सुनीता चंद्रा रहीं मुख्य अतिथि

◆ साहित्यिक जगत की अनेक हस्तियां रहीं मौजूद




**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में साहित्यिक चेतना को गति देते हुए एक भव्य पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ।

चेतना साहित्यिक मंच, चंदौली के तत्वावधान में तथा राष्ट्रीय चेतना प्रकाशन द्वारा प्रकाशित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विनय कुमार वर्मा की नवीन कृति 'जीवन के मौलिक सूत्र' का लोकार्पण सोमवार को देवांश हॉस्पिटल के भूतल सभागार में गरिमामय वातावरण में किया गया। इस विशेष बौद्धिक समागम में साहित्य, शिक्षा, समाजसेवा तथा पत्रकारिता जगत से जुड़े तमाम गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया और पुस्तक की सार्थकता पर अपने विचार साझा किए। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि, केंद्रीय तिब्बती संस्थान/ विश्वविद्यालय, वाराणसी की कुलसचिव डॉ. सुनीता चंद्रा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इसके बाद करतल ध्वनि के बीच पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता चंद्रा ने कहा कि 'जीवन के मौलिक सूत्र' केवल पन्नों का पुलिंदा नहीं, बल्कि आज के भागदौड़ भरे जीवन को समझने और आत्ममंथन करने की एक गंभीर पहल है। उन्होंने रेखांकित किया कि जब आधुनिक मनुष्य बाहरी भौतिक उपलब्धियों की अंधी दौड़ में खुद से दूर होता जा रहा है, तब ऐसी कृतियाँ उसे अपने भीतर झाँकने की सच्ची प्रेरणा देती हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कासगंज विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग की प्रोफेसर डॉ. सुशील आचार्य ने पुस्तक की समीक्षा करते हुए कहा कि समकालीन जीवन की विकृतियों और मानसिक तनावों के बीच यह पुस्तक विवेक, संतुलन और आत्मबोध का नया मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने इसे युवा पीढ़ी के बौद्धिक व चारित्रिक विकास के लिए विशेष रूप से उपयोगी बताया। वहीं पूर्व राजभाषा अधिकारी दिनेश चंद्र ने लेखक को बधाई देते हुए कहा कि जीवन के सूक्ष्म अनुभवों से निकले सूत्र ही इंसान को बड़ी सफलताओं की ओर ले जाते हैं।

# सैयदराजा विधायक ने किया 6 बसों का शुभारंभ

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जिले में स्थानीय जनता को सार्वजनिक परिवहन की एक बेहतर और सुलभ सुविधा देने के उद्देश्य से चंदौली जिले के सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सुशील सिंह ने यूपी-बिहार बॉर्डर पर स्थित नौबतपुर से वाराणसी पड़ाव के लिए दो नई रोडवेज बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस नई सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के दैनिक यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस बस सेवा की सबसे बड़ी खासियत इसका बेहद किफायती किराया और सुलभ रूट है। यात्रियों को इस बस के माध्यम से वाराणसी तक पहुंचने के लिए केवल 55 रुपये का भुगतान करना होगा। यह बस सेवा प्रतिदिन रूट पर चार चक्कर लगाएगी, जिससे लोगों को आने-जाने में कोई असुविधा नहीं होगी।

# भीषण गर्मी के चलते आंगनबाड़ी केंद्र बंद

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास राजकपूर ने अवगत कराया है कि जनपद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को तेज धूप और भीषण गर्मी के प्रकोप के कारण 23 मई 2026 से 15 जून 2026 तक बंद कर दिया गया है। यह निर्णय बच्चों को अत्यधिक गर्मी से बचाने के लिए लिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक विद्यालयों और अन्य सरकारी /अर्ध-सरकारी भवनों में संचालित होते हैं। इन केंद्रों पर आने वाले बच्चे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे और अधिक संवेदनशील होते हैं, और अक्सर वहां गर्मी से बचाव के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं होते हैं। विभाग ने 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करें और उन्हें विभिन्न सेवाओं का लाभ प्रदान करें। हालांकि, ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने केंद्रों पर उपस्थित रहेंगी। उन्हें पोषण ट्रैकर पर नियमित रूप से केंद्र खोलने, आधार सत्यापन, मोबाइल नंबर सत्यापन, ई-केवाईसी, फेस कैप्चर के माध्यम से पुष्टाहार वितरण, बच्चों का वजन, गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियां, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) और अन्य शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति करना होगा। बाल विकास परियोजना अधिकारियों और मुख्य सेविकाओं को भी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से अनुश्रवण और निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण रिपोर्ट की एक प्रति पाक्षिक रूप से संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी। अधिकारियों ने आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है, जिसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अभिभावकों के साथ बैठक कर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव देने को कहा गया है।

# कलम वालों ने बल्ले से लिखा जीत का नया अध्याय

### चकिया प्रीमियर लीग में पत्रकार टीम बनी चैंपियन, फाइनल में अधिवक्ताओं को दी करारी शिकस्त

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** नगर के कालिकाधाम कॉलोनी में आयोजित चकिया प्रीमियर लीग (CPL) का एकदिवसीय मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट रविवार की रात रोमांच, उत्साह और खेल भावना का गवाह बना। पत्रकार, पुलिस प्रशासन, व्यापार मंडल और अधिवक्ताओं की टीमों के बीच खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।

पुलिस प्रशासन को हराकर पत्रकारों ने किया धमाकेदार आगाज टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पुलिस प्रशासन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 53 रन बनाए। जवाब में उतरी पत्रकार टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। वैभव मिश्रा की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत पत्रकार टीम ने महज 5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। अधिवक्ताओं ने व्यापार मंडल को हराकर बनाई फाइनल में जगह दूसरा मुकाबला व्यापार मंडल और अधिवक्ता टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में अधिवक्ताओं की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में पत्रकार टीम का चला बल्ला, सातवें ओवर में जीता खिताब देर रात खेले गए फाइनल मुकाबले में अधिवक्ताओं की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 58 रन बनाए। जवाब में उतरी पत्रकार टीम ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन किया। पत्रकार टीम ने सातवें ओवर में लक्ष्य हासिल कर CPL ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। जीत के बाद मैदान में खिलाड़ियों और समर्थकों का उत्साह देखने लायक रहा।

अमन बने "मैन ऑफ द मैच" पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अमन को "मैन ऑफ द मैच" घोषित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि गौरव श्रीवास्तव ने विजेता पत्रकार टीम और उपविजेता अधिवक्ता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कप्तान आशुतोष मिश्र ने कहा- खेल से बढ़ता है भाईचारा विजेता टीम के कप्तान आशुतोष मिश्र ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य करती हैं। खेल से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आपसी सौहार्द मजबूत होता है।

# जनगणना से जन कल्याण, जनपदवासी करें सक्रीय सहभागिता: जिलाधिकारी




**तरूणमित्र न्यूज**

**चन्दौली।** जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महत्व के समयबद्ध जनगणना-2027 विषयक जिला स्तरीय समन्वय समिति से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा व ससमय पूर्ण कराने के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न हुई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है।जनगणना करते समय सभी बिन्दुओं को त्रुटिरहित तरीके से पूर्ण करे। इस दौरान किसी की शिकायत प्राप्त होती है या किसी भी प्रकार का सहयोग प्राप्त नहीं होता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार शख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी,जिसके जिम्मेदार ओ खुद होंगे। बैठक के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी सकलडीहा द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा कठोर चेतावनी देते हुवे कहा कि अपनी कार्यशैली में सुधार लाते हुवे प्रगति ठीक करे ताकि निर्धारित समय में कार्य को पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि आपसी तालमेल बेहतर रखते हुवे टिम भावना से कार्य करे तो निश्चित ही प्रगति अच्छी प्राप्त होगी।

उन्होंने ने कहा कि जनपदवासी सक्रीय सहभागिता करते हुवे सहयोग करे लोगों को जनगणना के बारे में जागरूक करे कोई भी व्यक्ति जनगणना के दौरान किसी भी तथ्य को छुपाए नहीं खुल के बताए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी रतन वर्मा, समस्त उप जिलाधिकारीगण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायक सुशील सिंह का नाम मिटाने की कोशिश

◻ फिर तोड़ा गया शिलापट्ट

◻ तेज हो गयी कार्रवाई की मांग

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जिले के सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित एक नवनिर्मित मार्ग के उद्घाटन शिलापट्ट को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। रविवार की रात को अंजाम दी गई इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। आम जनता ने इस कृत्य को क्षेत्र के विकास और जनप्रतिनिधि का अपमान बताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के तुलसी आश्रम मार्ग से ग्राम हरिहरपुर तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत कराया गया था। इस लोक कल्याणकारी परियोजना की अनुमानित लागत करीब 85.20 लाख रुपये थी। सड़क का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ संपन्न होने के बाद वहां एक उद्घाटन शिलापट्ट लगाया गया था, जिस पर स्थानीय भाजपा विधायक सुशील सिंह का नाम अंकित था। रविवार की देर रात कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने इस शिलापट्ट को पूरी तरह तोड़ दिया। सोमवार की सुबह जब ग्रामीण वहां से गुजरे, तो टूटा हुआ बोर्ड देखकर उनका गुस्सा भड़क गया। यह कोई पहली घटना नहीं है जब क्षेत्र में विकास कार्यों के शिलापट्ट को नुकसान पहुंचाया गया हो। भाजपा के वरिष्ठ नेता मृत्युंजय सिंह दीपू ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि सैयदराजा में यह तीसरी बार है जब ऐसी कायराना हरकत की गई है। इससे पहले भोलापुर में करीब 79 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क के उद्घाटन बोर्ड को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया था। इसके बाद बजरडीहा में लगे एक अन्य शिलापट्ट को भी निशाना बनाया गया था। अब हरिहरपुर गांव में लगातार तीसरी बार हुई इस घटना से साफ है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं बल्कि एक सुनियोजित शरारत है। लगातार जनप्रतिनिधियों और सरकारी संपत्ति को निशाना बनाए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। स्थानीय नेताओं और ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में विकास से चिढ़ने वाले लोग ही इस तरह की घटिया हरकत कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जल्द ही संबंधित थाने में अज्ञात अराजक तत्वों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक माहौल गर्मा गया है और पुलिस से इन शरारती तत्वों की त्वरित पहचान कर उन्हें जेल भेजने की मांग की जा रही है।




कौन तोड़ रहा है विधायक के शिलापट्ट

# यात्रियों व राहगीरों के पेट भरने का काम कर रहा सिख समाज



**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** मुगलसराय के सिख समाज व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एव चढ़दी कला कार सेवा संस्था द्वारा विगत एक हफ्ते से स्टेशन परिसर में यात्रियों व जरूरतमंद लोगों के लिए गुरु का लंगर रात्रि 9.00 बजे से 11.00 तक लगातार चलाया जा रहा है। स्टेशन परिसर में लंगर वितरित करने का मूल उद्देश्य अतिक्रमण के दौरान स्टेशन परिसर के बाहर के सभी दुकान होटल टूट जाने से यात्रियों के सामने खाने की विकट समस्या उत्पन्न हो गई थी। वहीं रेलवे स्टालों द्वारा यात्रियों का बजट ना होता देख लंगर का आयोजन किया जा रहा है। बताते चलेकि विगत एक हफ्तों से जारी इस लंगर में करीब 500 से 600 लोगों, यात्रियों का पेट भरने का काम किया जा रहा है।

उक्त लंगर में विशेष रूप से रूपेंद्र सिंह उर्फ़ रिंकू जुनेजा का विशेष सहयोग मिल रहा है। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रणजीत सिंह जनरल सेक्रेटरी सरदार महेंद्र सिंह पत्रकार, एवं चढ़दी कला कार सेवा संस्था के सदस्यों सहित गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संस्था व कमेटी के लोगों ने बताया कि उक्त लंगर की सेवा बराबर चलती रहेगी। बताया कि कोविड काल में भी लगातार लगभग 2 महीने तक क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों व स्टेशन बस अड्डा पर लंगर की सेवा की जा रही थी।

# कमिश्नर एस राजलिंगम ने वीसी पुर्ण बोरा की मौजूदगी में लैंड पूलिंग के लिए किया सम्मानित

## खेती से समृद्धि तक लैंड पूलिंग से बदल रही वाराणसी के विकास की तस्वीर

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण (VDA) द्वारा आनंद काशी (कल्लीपुर), रुद्र विहार (मढ़नी) एवं स्पोर्ट्स सिटी (गंजारी) जैसी महत्वाकांक्षी टाउनशिप परियोजनाओं के विकास हेतु भूमि पूलिंग नीति को अपनाया गया है। यह नीति किसानों को विकास प्रक्रिया का सहभागी बनाकर शहर के सुनियोजित विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।भूमि पूलिंग नीति के अंतर्गत 10 एकड़ से कम भूमि देने वाले किसानों को विकसित भूमि का 30 प्रतिशत तथा 10 एकड़ से अधिक भूमि देने वाले किसानों को विकसित भूमि का 50 प्रतिशत वापस किया जाता है। प्रारंभिक चरण में किसानों में इस नीति को लेकर कुछ संकोच था, लेकिन समय के साथ इसके लाभ समझने के बाद अब बड़ी संख्या में किसान इससे जुड़ रहे हैं। यह नीति भूमि अधिग्रहण के बजाय किसानों को विकास का भागीदार बनाती है, जिससे सरकार और किसानों दोनों के लिए विन-विन स्थिति बनती है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि किसानों की भूमि का भू-उपयोग स्वतः कृषि से आवासीय में परिवर्तित हो जाता है, जिससे उनकी भूमि का मूल्य कई गुना बढ़ जाता है। विकसित भूखंड की कीमत मूल कृषि भूमि की तुलना में कहीं अधिक हो जाती है।



कमिश्नर एस राजलिंगम भूमि पुलिंग योगदान देने वाले प्रतीक जैन को सम्मानित करते हुए। वीडीए वीसी पुर्ण बोरा रहे मौजूद

भूमि पूलिंग नीति के माध्यम से भूमि अधिग्रहण संबंधी विवादों में कमी आएगी तथा किसानों को उनकी भूमि का दीर्घकालिक और अधिक लाभकारी मूल्य प्राप्त होगा। विकसित क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी, विद्युत, पार्क एवं अन्य आधुनिक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। यह मॉडल किसानों को केवल मुआवजा प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि शहर के विकास का भागीदार बनाता है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार, व्यापार एवं निवेश के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। VDA द्वारा अपनाई गई यह नीति वाराणसी के सुनियोजित, आधुनिक एवं सतत शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अब तक VD के साथ लगभग 65 किसानों द्वारा 45 एकड़ भूमि की पूलिंग की जा चुकी है, जो एक सकारात्मक संकेत है। लगातार अधिक किसान भूमि पूलिंग के लिए आगे आ रहे हैं। भूमि पूलिंग के अंतर्गत वीडीए किसानों के साथ पंजीकृत समझौता करता है, जिसके आधार पर आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित करने एवं भू-उपयोग परिवर्तन के बाद विकसित भूमि किसानों को वापस की जाती है। कल्लीपुर स्थित आनंद काशी परियोजना में अब तक 32 किसानों द्वारा लगभग 27 एकड़ भूमि की पूलिंग की जा चुकी है। वहीं मढ़नी स्थित रुद्र विहार टाउनशिप में लगभग 33 किसानों द्वारा 18 एकड़ भूमि की पूलिंग की गई है। कल्लीपुर में सबसे बड़ा भूमि पूलिंग योगदान प्रतीक जैन द्वारा किया गया है, जिन्होंने 10 एकड़ से अधिक भूमि पूलिंग के अंतर्गत दी है। इस सराहनीय पहल के लिए वाराणसी के मंडलायुक्त एस. राजालिंगम द्वारा, वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा की उपस्थिति में प्रतीक जैन को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।अब तक वीडीए द्वारा कल्लीपुर क्षेत्र में लगभग संपूर्ण भूमि क्रय प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा मढ़नी क्षेत्र में भी अधिकांश भूमि का क्रय कार्य पूरा किया जा चुका है। कुल मिलाकर 300 एकड़ से अधिक भूमि परियोजनाओं हेतु सुनिश्चित की जा चुकी है। वर्तमान में परियोजनाओं के लिए RERA पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। RERA पंजीकरण पूर्ण होते ही इन टाउनशिप परियोजनाओं को आम जनता के लिए खोला जाएगा।

# कमिश्नर एस राजलिंगम की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**□ विकास कार्यों/ परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश**

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** मंडलायुक्त एस राजलिंगम की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यों / परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।मंडलायुक्त ने सीएम डैशबोर्ड में प्रदर्शित रैंकिंग पर भी विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। पीएम सूर्य घर योजना में रैंक पीछे होने पर जिलाधिकारी गाजीपुर व चंदौली को योजना में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जननी सुरक्षा योजना, टीबी मरीज को दी जाने वाली धनराशि में तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने को सभी को निर्देशित किया गया। जलनिगम द्वारा किए गए कार्यों तथा सड़कों की खुदाई के उपरांत उनकी मरम्मत का मुद्दा भी बैठक में उठा जिसमें बताया गया कि वाराणसी में 28 मार्गों, चंदौली में 48, जौनपुर में 16 तथा गाजीपुर में 9 मार्गों का सुदृढ़ीकरण किया जाना शेष है। मंडलायुक्त ने रोड रिस्टोरेशन के कार्यों में ग्राम प्रधानों से समन्वय बनाकर शीघ्रता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। जौनपुर को फैमिली आईडी के कार्यों में प्रगति हेतु निर्देशित किया गया।स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में कम रैंक पर डीडी पंचायत से नाराज़गी जाहिर करते हुए अपेक्षित प्रगति लाये जाने को निर्देशित किया गया। सभी अधिकारी महीने की 25 तारीख से ही डाटा की एंट्री को देखना सुनिश्चित करें ताकि मंडल को उचित रैंक मिल सके। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवासों के निर्माण में प्रगति हेतु जौनपुर व चंदौली को निर्देशित किया गया। सेतुओं के निर्माण में देरी पर जिलाधिकारी जौनपुर को समीक्षा करके अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। मंडलायुक्त द्वारा अवैध खनन, गैस सिलेंडर की प्रतिदिन की उपलब्धता, पेट्रोल पंपों पर गर्मी के दृष्टिगत छाया एवं पेयजल की उपलब्धता, उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, इन प्रमुख मुद्दों पर सभी जिलाधिकारी लगातार ध्यान देना सुनिश्चित करें। इनकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग होना सुनिश्चित हो। आईजीआरएस रैंकिंग में गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित हो, इसकी मॉनिटरिंग लगातार तहसील स्तर पर होना सुनिश्चित हो। शिकायतों का फॉलोअप लेना तथा मौके पर उनका निस्तारण सुनिश्चित हो। ब्लॉक लेवल पर आयोजित होने वाली चौपालों का रोस्टर अविलंब तैयार करने तथा मौके पर आने वाली शिकायतों तथा पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही लाभांवित कराना सुनिश्चित करें।एंटी-भूमाफिया, राजस्व वादों का उचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना सुनिश्चित हो। पीठासीन अधिकारी पांच वर्ष एवं तीन वर्षों से अधिक के लंबित वादों पर विशेष ध्यान देकर उनका निस्तारण सुनिश्चित करें। रोड सेफ्टी हेतु विद्यालयी वाहनों, बसों का निरीक्षण कर उनकी फिटनेस की शतप्रतिशत जांच सुनिश्चित हो।रानी लक्ष्मीबाई योजना में कोई प्रकरण लंबित न हो, इसका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो। लंबित आंगनबाड़ी की नियुक्ति को अविलंब कराने हेतु जिलाधिकारी गाजीपुर को निर्देशित किया गया। हिट एंड रन मामले को देखने तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा हेतु सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बिजली की पर्याप्त आपूर्ति होना सुनिश्चित हो तथा लगातार इसकी मॉनिटरिंग करते रहें। बार - बार हो रही ट्रिपिंग को सुधारें। बैठक में राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, पेयजल, ग्रामीण विकास, कृषि एवं लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडलायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ पहुंचाया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा शिकायतों के समाधान में तेजी लाने के निर्देश दिए।मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों का नियमित स्थलीय निरीक्षण किया जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, सीडीओ प्रखर कुमार समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी जौनपुर, गाजीपुर तथा चंदौली वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।




कमिश्नर एस राजलिंगम मंडलीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते है

# कुलपति प्रो आनंद त्यागी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी ने उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 की तैयारियों के मद्देनजर सोमवार को विभिन्न स्व-वित्तपोषित कॉलेजों में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. त्यागी ने सनबीम, भगवानपुर, धीरेन्द्र महिला पी.जी. कॉलेज एवं आर.एस. लॉ कॉलेज का निरीक्षण कर पारदर्शी एवं सुचिता पूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गर्मी को देखते हुए अभ्यर्थियों के लिए पेय-जल सहित अन्य जरूरी आवश्यकताओं आदि का इंतजाम करने को निर्देशित किया। बता दें कि उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 31 मई को आयोजित है।



कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी परीक्षा की तैयारियों के बाबत निरीक्षण करते हुए

# नगर निगम ने आईएमए भवन में किया दो दिवसीय विशेष कैंप, महापौर ने किया उद्घाटन

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** नगर निगम द्वारा चिकित्सा संस्थानों की सुविधाओं के लिए लहुराबीर स्थित डॉ. बीसी रॉय हॉल (आईएमए भवन) में आयोजित दो दिवसीय विशेष कैंप का सोमवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिन चिकित्सा संस्थानों और चिकित्सकों ने कर भुगतान को लेकर उत्साह दिखा। पहले दिन 95 चिकित्सा संस्थानों ने अपना लाइसेंस शुल्क जमा किया, जिससे निगम को दस लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं, 97 चिकित्सकों ने करीब 9.86 लाख रुपये का लाइसेंस शुल्क जमा किया। इस प्रकार, कैंप के पहले ही दिन कुल 19.86 लाख रुपये का राजस्व जमा हुआ। कैंप का विधिवत उद्घाटन महापौर अशोक कुमार तिवारी ने किया।




चिकित्सा संस्थानों के लिए आयोजित यह विशेष कैंप 26 मई को भी जारी रहेगा। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सभी संबंधित संस्थानों से इस कैंप का लाभ उठाकर अपने लाइसेंस और अन्य करों का समय रहते भुगतान करने की अपील की है । उन्होंने बताया कि नगर निगम भवन स्वामियों को प्रोत्साहित करने के लिए 15 जुलाई तक गृहकर, जलकर व सीवर कर जमा करने पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दे रहा है। इसके अलावा, डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जो भवन स्वामी वित्तीय वर्ष 2026-27 का ऑनलाइन टैक्स भुगतान कर रहे हैं, उन्हें 2 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जा रही है, यानी कुल 12 प्रतिशत की राहत मिल रही है। इस बार सामाजिक सरोकार के तहत विशेष श्रेणी के करदाताओं के लिए भी व्यवस्था की गई है। शहर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों को गृहकर, जलकर और सीवर कर में 50 प्रतिशत की भारी छूट दी जा रही है। वहीं, नगर आयुक्त ने उन करदाताओं को भी आश्वस्त किया है जिन्होंने 1 अप्रैल से 6 मई के बीच टैक्स जमा किया था, कि उनकी छूट की राशि को अगले वित्तीय वर्ष में समायोजित (एडजस्ट) कर दिया जाएगा।

# काशी विद्यापीठ की बकरीद पर्व के कारण 28 मई को होने वाली परीक्षाएं स्थगित

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में 28 मई को होने वाली परीक्षाएं ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व के कारण कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार स्थगित कर दी गई हैं। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि बी.पी.एड./एम.पी.एड. द्वितीय सेमेस्टर चतुर्थ प्रश्नपत्र की परीक्षा अब 29 मई को पूर्वाह्न 10 बजे से 01 बजे तक होगी। वहीं, बी.ए./बी.एस-सी./बी.कॉम./बी.बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर माइनर इलेक्टिव विषय-हिन्दी की परीक्षा 12 जून को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित है।




## 26 मई से सभी विभाग सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक होंगे संचालित

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय के सभी संकाय, विभाग, संस्थान एवं अनुभाग के समस्त कार्यालय 26 मई से सुबह 08 बजे से अपराह्न 02 बजे तक संचालित होंगे। कुलसचिव डॉ. सुनीता पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री, भारत सरकार तथा मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बैठक में वैश्विक संकट को दृष्टिगत रखते हुए उर्जा के बचत के लिए वाहन पूलिंग के माध्यम से कार्यालय आने, वाहन का कम से कम प्रयोग करने, वाहन खड़ा करते ही उसे बन्द करने, ए.सी. कम से कम चलाने, कहीं पर लाईट, पंखा व अन्य इलेक्ट्रीक उपकरण बिना कारण चल हो रहा उसे तत्काल बन्द कर उर्जा का बचत करने हेतु दिये गये निर्देश एवं हीटवेब को देखते हुए अगले आदेश तक विश्वविद्यालय के सभी संकाय/विभाग/संस्थान/अनुभाग के समस्त कार्यालय 26 मई से सुबह 08 बजे से अपराह्न 02 बजे तक संचालित होंगे।

## समाज कार्य स्नातक षष्ठम् सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 26 मई को

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** समाज कार्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में समाज कार्य स्नातक षष्ठम् सेमेस्टर के तृतीय प्रश्न पत्र फील्ड वर्क प्रैक्टिकम की मौखिक परीक्षा 26 मई को आयोजित है। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. वन्दना सिन्हा ने बताया कि परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से समाज कार्य संकाय भवन के प्रो. राजाराम शास्त्री सभागार में होगी। मौखिकी के दिन छात्रों को फील्ड वर्क प्रैक्टिकम की फाइल के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

# जय भोलेनाथ बम भोले के नारों से गूंजायमान रहा मंदिर परिसर

**सुजानगंज।** पुरुषोत्तम मास महीने के दूसरे सोमवार पर गौरीशंकर मंदिर सुजानगंज पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उपस्थित रहीं। श्रृद्धालु प्रातः काल मंदिर का पट खुलते ही दर्शन पूजन करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे लगे। इस दौरान देखा गया कि भीषण गर्मी के बावजूद लोगों की आस्था अडिग रही बम भोले जय भोलेनाथ के नारों से गूंजायमान रहा मंदिर परिसर तथा लोग लम्बी लम्बी कतारों में खड़े होकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर रहे हैं वहीं मंदिर प्रबंध समिति के सचिव सुधीर त्रिपाठी ने बताएं कि भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं का पांव न जले इस लिए पुरे मंदिर परिसर में मैट बिछ्वाएं गये है तथा सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे तथा पुलिस फोर्स भी मौजूद हैं।

# फर्जी बैनामा कर युवक से 2.69 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र में जमीन के फर्जी बैनामे का मामला सामने आया है। आरोप है कि पिता द्वारा पहले से बेची जा चुकी जमीन को बेटे ने दोबारा बेचकर एक व्यक्ति से 2 लाख 69 हजार की ठगी कर ली। क्षेत्राधिकारी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के अमारा गांव निवासी ब्रहमदेव शर्मा ने क्षेत्राधिकारी को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उन्होंने रोजी-रोटी के उद्देश्य से सड़क किनारे जमीन खरीदने की इच्छा जताई थी। इसी दौरान विशुनपुर गांव निवासी रविन्द्र सिंह ने उन्हें 10म100 फीट जमीन दिखाकर 10 मई 2024 को 2 लाख 69 हजार लेकर बैनामा कर दिया। पीड़ित के अनुसार जब वह जमीन की तरमीम कराने पहुंचे तो जानकारी हुई कि उक्त जमीन का बैनामा आरोपी के पिता पहले ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर चुके हैं। यह जानकारी मिलने के बाद उनके होश उड़ गए। ब्रहमदेव शर्मा का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो वह टालमटोल करने लगा। बाद में गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। कई बार रुपये वापस मांगने के बावजूद पैसा नहीं लौटाया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि क्षेत्राधिकारी के आदेश पर आरोपी रविन्द्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शिव महापुराण कथा में सुनाया गया शिव महात्म व देवी चंचूला का प्रसंग

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज के बगल स्थित प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के पहले दिन सोमवार को कथा वाचक पंडित अतुल नारायण दास जी महाराज ने शिव महात्म व देवी चंचूला की कथा का वर्णन किया। महाराज ने बताया कि भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। उन्होंने देवी चंचूला के प्रसंग के माध्यम से बताया कि किस प्रकार शिव भक्ति से जीवन के समस्त कष्ट दूर होते हैं। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर आनंद कुमार शुक्ला, सूर्य प्रकाश शुक्ला, हरिशंकर तिवारी, राकेश कुमार शुक्ला, एडवोकेट प्रशांत शुक्ला, जय शुक्ला, महेश शुक्ला, आशीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत, एक घायल

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जौनपुर रायबरेली हाईवे पर जयपालपुर ढाबा के पास बीती देर रात करीब साढ़े 12 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब साढ़े बारह बजे मझगवा गांव निवासी आर्यन गौतम (19) पुत्र सूर्यप्रकाश एवं सुनील गौतम (21) पुत्र संतोष कुमार उर्फ परमेश्वर अपने रिश्तेदार सचिन कुमार उर्फ विपिन (26) पुत्र ताराचंद्र निवासी अगहुआ (कोनार), थाना फूलपुर, जिला प्रयागराज के साथ एक ही बाइक से कहीं जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक जयपालपुर ढाबा के पास हाईवे पर पहुंची, सामने से तेज रफ्तार में आ रहे किसी अज्ञात बड़े वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि आर्यन गौतम और सुनील गौतम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही घायल सचिन कुमार को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बताया जा रहा है कि मझगवा गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने प्रयागराज से उनका रिश्तेदार सचिन भी आया हुआ था। रात करीब 12 बजे तीनों युवक घरवालों से जल्द लौटने की बात कहकर बाइक से निकले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद यह दर्दनाक हादसा हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे ने बताया कि इस हादसे में दो युवक की मौत हो गई है वहीं एक घायल युवक को सीएचसी सतहरिया में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश तेज कर दी गई है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दूल्हा हत्याकांड का आरोपी एनकाउंटर में ढेर, थानाध्यक्ष केके सिंह घायल

**खेतासराय।** जिले के चर्चित दुल्हा हत्याकांड में शामिल एक लाख रुपये का इनामी बदमाश रवि यादव पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। इस दौरान खेतासराय थानाध्यक्ष केके सिंह भी बदमाशों की गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि खेतासराय थाना क्षेत्र में एक मई की शाम बारात लेकर निकले दूल्हे आजाद बिंद की अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी।

इस सनसनीखेज वारदात के बाद दूल्हे के परिजनों ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के संबंध में घायल थानाध्यक्ष केके सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को बदमाशों के आने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर गोरारी मोड़ के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध बदमाश दिखाई पड़े। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश रवि यादव गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस दूसरे फरार बदमाश की तलाश में कॉम्बिंग अभियान चला रही है।

## युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के पुराफगुई गाँव में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। कोतवाली पुलिस ने युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी किशन कुमार पटेल 38 पुत्र सीताराम रविवार रात अपने कमरे में रस्सी के सहारे पंखे से फंदा लगाकर झूल गया। सुबह कमरा नहीं खुलने पर परिजन कमरा खोलने लगे तो अंदर बंद था। किसी तरह से कमरा खोलकर अंदर घुसे तो देखा किसन फंदे पर झूल रहा था। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। पत्नी सरिता का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक किशन की तीन पुत्रियां थी। अंशिका 14 वर्ष,पलक 10, दीशा 8 वर्ष की है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भीषण गर्मी से बचाव के लिए दियावा मंदिर पर पिलाया गया शरबत

- **समाजसेवी महंथ राज दुबे एवं जिलेदार शुक्ल की पहल की हो रही सराहना**
- **पुरुषोत्तम माह के सोमवार को मंदिर परिसर में होती है बड़ी संख्या में भीड़**



श्रद्धालुओं को शरबत पिलाते लोग।

**मछलीशहर।** उमस भरी गर्मी से राहत व बचाव के लिए दियावा महादेव मंदिर पर आए दर्शनार्थियों के लिए शरबत की व्यवस्था कर लोगो को राहत देने का कार्य किया गया।पुरुषोत्तम माह के सोमवार को दियावा महादेव मंदिर पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे है।समाजसेवी महंथ राज दुबे एवं जिलेदार शुक्ल के नेतृत्व में करीब 4 घंटे तक दर्शनार्थियों को राहत देने के लिए बेल के शरबत की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रेश तिवारी ने कहा कि सेवा भाव ही सबसे बड़ा धर्म है। इस भीषण गर्मी में राहत के इस कार्य की जितनी प्रशंसा की जाय कम है। कार्यक्रम संयोजक जिलेदार शुक्ल ने बताया कि अधिकमास के इस पूरे माह यहां श्री रामचरित मानस का मासपारायण प्रारम्भ है। जिसकी पूर्णाहुति मलमास के अंतिम दिन भंडारे के साथ होगी। इसके बीच दर्शनार्थियों को राहत देने के लिए यहां कुछ ना कुछ राहत की व्यवस्था होती रहेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल शुक्ल, रुद्र शुक्ल, बउ शुक्ल, मुन्नीलाल शुक्ल, जनार्दन शुक्ल, वीरेंद्र शुक्ल सहित सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# मेधावियों का पूर्व विधायक ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**बदलापुर।** बदलापुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर टारगेट कोचिंग क्लासेज में रविवार को एक सम्मान समारोह काआयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बदलापुर के पूर्व विधायक ओमप्रकाश दुबे बाबा भईया तथा श्री गणेशराम इंटर कालेज (बटाउबीर) प्रधानाचार्य अनिल यादव द्वय ने इसवर्ष के मेधावी छात्रों को मेडलप्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पूर्व विधायक ने छात्रों को सम्बोधित करते हुये कहा, कि शिक्षा बहु मूल्य रत्न है। इसको न तो चुराया जा सकता है और न ही छीना जा सकता है। विद्यार्थियों को चाहिये कि कुसंगति से दूर रहे और सिर्फ लक्ष्य पर ध्यान दें। सफलता खुद हाथ लगेगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्रों को लक्ष्य के प्रति सचेत रहना चाहिये। क्योंकि लक्ष्य निर्धारण से ही सफ लता को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित छात्र,छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य के साथसाथ शिक्षा को एक शिखरपर ले जाने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। ततपश्चात कार्यक्रम में उपस्थित इस वर्ष बोर्ड की परीक्षा में सभी सफल छात्र एवं छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।जिसमें कक्षा 10 के जिला टॉपर राजशेखर सिंह,द्वितीय स्थान पर सविनय गुप्ता, महक, शिवांगी, प्रियांशी, अनामिका, कृतिका, आरुषि, उत्कर्ष नितिन, विपिन,कृष्णा सहित अन्य छात्र व छात्राओं को माननीय अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोचिंग के प्रबंधक अखिलेश सर एवं प्रेमचंद सर के द्वारा किया गया। सचिन सर ने मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। सम्मान समारोह में कोचिंग टीचर सतीश सर, अभिषेक सर, सन्तोष सर सहित समरनाथ एडवोकेट, बबलू, प्रवीण, अरुण, अनिल, प्रभात आदि उपस्थित रहे।




मेधावी को सम्मानित करते बाबा दुबे।



# सीएम के संभावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

■ कार्यक्रम के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश

■ कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के बेहतर एवं प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित करें: पुलिस अधीक्षक



समीक्षा बैठक करते डीएम आनंद वर्द्धन साथ में एसपी।

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के संभावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने हेलीपैड स्थल, जनसभा स्थल, बैरिकेडिंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए जनसभा स्थल पर आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त पेयजल, छायादार स्थान तथा प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि हेलीपैड स्थल एवं जनसभा स्थल पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कार्यक्रम स्थल के आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को टेंट, मंच एवं हेलीपैड निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय के भीतर सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने भी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के बेहतर एवं प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं वीआईपी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा सुरक्षा संबंधी सभी बिंदुओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खोये 7 मोबाइल स्वामियों को किया गया सुपुर्द

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में थाना साइबर क्राइम की पुलिस टीम द्वारा सीईआइआर पोर्टल पर दर्ज 06 शिकायत का तकनिकी सहायता से तत्काल निस्तारण किया गया।

आवेदक आयुष्मान सिंह पुत्र भरत कुमार सिंह निवासी रामनगर कालोनी नौसाद अहमद पुत्र इरशाद निवासी 9 हसन मक्खा, राम अवतार चौहान पुत्र राधे चौहान निवासी बड़ी रहजनिया, विजय मिश्रा पुत्र श्रीकान्त मिश्रा निवासी ताजोपुर, ज्योति कुमारी पत्नी रविशंकर सिंह निवासी पुलिस लाइन, पवन कुमार मौर्य पुत्र राममूर्ति मौर्य निवासी सहादतपुरा तथा जयप्रकाश पुत्र रामधारी निवासी बसारतपुर के खाये हुये मोबाइल बराबद कर स्वामियों को सौंप दिया गया। मोबाइल प्राप्त कर लाभार्थियों द्वारा मऊ पुलिस की सराहना की गई।

## पुलिस के चेकिंग अभियान में 1300 संदिग्धों की गई जांच

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में सोमवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके लिये 39 टीम गठित कर जनपद के 44 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1300 संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। इस दौरान यातायात के नियमों का पालन न करने पर 714 वाहनों को विभिन्न धाराओं में चालान एवं 01 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

# मनाजीत गांव के सवा सौ मतदाताओं के मामले में हाईकोर्ट सख्त

### 28 जुलाई तक डीएम को आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु दिये निर्देश

तरूणमित्र न्यूज

चिरैयाकोट (मऊ)। नगर पंचायत चिरैयाकोट से सटे ग्राम मनाजीत के लगभग सवा सौ ग्रामीण पिछले लगभग पांच साल से मतदाता सूची में अपना-अपना नाम शामिल कराने के लिए बीएलओ से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक का लगातार चक्कर काटे।

यहां तक कि हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाये लेकिन नतीजा वहीं ढाक के तीन पात साबित हुआ अंतत: इस प्रकरण को लेकर मनाजीत ग्राम के निवासी मनीष कुमार पुत्र श्यामलाल ने राज्य मानवाधिकार आयोग उत्तर प्रदेश से गुहार लगाया। जिसकी सुनवाई करते हुए आयोग ने जिलाधिकारी को नोटिस जारी करते हुए उक्त प्रकरण की जांचकर 15 मई तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के क्रम में आयोग में 18 मई को सुनवाई हुई। परंतु नियत तिथि पर जिलाधिकारी द्वारा कोई रिपोर्ट प्रस्तुत न करने के कारण आयोग ने जिलाधिकारी को आगामी 28 जुलाई तक उक्त प्रकरण के बावत रिपोर्ट प्रस्तुत करने या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मनाजीत का कुछ हिस्सा नगर पंचायत चिरैयाकोट में शामिल कर वार्ड नंबर 9 मनाजीत बनाया गया है। उसके बाद लगभग सवा सौ लोगों का नाम नगर पंचायत चिरैयाकोट और ग्राम सभा मनाजीत दोनों जगहों की मतदाता सूची में अंकित हो गया।

जबकि उपरोक्त सभी लोगों को कहना है कि वे लोग ग्राम मनाजीत में ही उनका घर है, जिसमें सपरिवार निवास करते हैं इसलिए उनका नाम नगर पंचायत चिरैयाकोट की मतदाता सूची से हटा दिया जाये और ग्राम सभा मनाजीत की मतदाता सूची में रहने दिया जाए। परंतु बीएलओ ने मार्च 2026 में नगर पंचायत चिरैयाकोट की मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए प्रार्थना पत्र देने वाले लगभग 125 लोगों का नाम ग्राम सभा मनाजीत की ही मतदाता सूची से काट दिया। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों के यहां कोई सुनवाई न होने पर मनीष कुमार ने इस प्रकरण के संबंध में राज्य मानवाधिकार आयोग उत्तर प्रदेश से गुहार लगाया। जिसका संज्ञान लेते हुए आयोग ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर 15 मई तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देश किया जिसकी अगली सुनवाई 18 मई को नियत की गयी थी। परन्तु नियत तिथि को मामला विचारार्थ प्रस्तुत हुआ तो जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आयोग के समक्ष कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई, उसका संज्ञान लेते हुये आयोग ने जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि स्वयं या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अथवा अपनी रिपोर्ट अनिवार्य रूप से 28 जुलाई तक आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें। इस प्रकार अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगा।

## पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की गई प्रभावी कार्यवाही

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को वांछित/वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा मु.अ.स. 78/2026 धारा 4/7/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्त मो.आबिद पुत्र फखरुद्दीन नि.मदनपुरा थाना दक्षिण टोला के कब्जे से एक नाजायज कारतूस 9एमएम एक नाजायज चाकू के साथ नेशनल हाइवे पर स्थित भदेसरा के लिए कटे लिंक रोड पर बगीचे के पास से बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त को नियमानुसार चालान न्यायालय किया गया। थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 102/26 अन्तर्गत धारा 13 जुआ अधि.थाना दोहरीघाट से चार लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया गया। इनमें हरेन्द्र चौहान पुत्र स्व. सुभाष चौहान, कौशल विश्वकर्मा पुत्र स्व.दुधई निवासी बनियापार, राजन यादव पुत्र रामबचन निवासी जमुई व देवानन्द चौहान पुत्र रामसुरत चौहान निवासी रसूलपुर के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व माल फड़ 730 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्तो को नियमानुसार चालान न्यायालय किया गया।

जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अभियान लगातार जारी है।

## संक्षिप्त सामाचार

### बकरीद पर्व पर शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

तरूणमित्र न्यूज

*मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। आगामी बकरीद पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर सोमवार को क्षेत्राधिकारी शीतला प्रसाद पांडेय एवं प्रभारी निरीक्षक कमलकांत वर्मा के नेतृत्व में पीएसी व स्थानीय पुलिस बल ने नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च वलीदपुर, छोटी बाजार, बड़ी बाजार, खैराबाद, कस्बा मुहम्मदाबाद के भूईलीपुर, महरुपुर, रसूलपुर सहित विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में निकाला गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। क्षेत्राधिकारी शीतला प्रसाद पांडेय ने पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहें।*

*किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने बाजारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से संवाद कर उन्हें प्रशासन द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक कमलकांत वर्मा ने कहा कि बकरीद का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मधुसूदन चौरसिया, उपनिरीक्षक राजीव कुमार यादव, अनिल सिंह, राजेश कुमार गौतम, मिथिलेश कुमार, शुभम समेत थाना के समस्त उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।*

### भीषण गर्मी में युवकों ने ठंडी शरबत पिलाकर राहगीरों को दी राहत

तरूणमित्र न्यूज

*मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। भीषण गर्मी और तेज धूप से बेहाल लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कस्बे के फरीदाबाद मोहल्ला निवासी युवकों ने सोमवार को समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश की। दोपहर करीब एक बजे शहीद चौक डाकघर के पास पिकअप वाहन लगाकर राहगीरों, वाहन चालकों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को ठंडा पानी व रुआब्जा पिलाया गया। प्रचंड गर्मी में सड़क से गुजर रहे लोग जब इस सेवा कार्य को देख रुके तो युवकों ने उन्हें गिलास में ठंडा शरबत भरकर पिलाया। चार पहिया वाहनों में बैठे यात्रियों, ऑटो चालकों तथा बाइक सवारों तक पहुंचकर उन्हें गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया गया। इस सेवा कार्य में फरीदाबाद निवासी गुलजार नेजामी, मोहम्मद रहमत और मोहम्मद जमशेद सक्रिय रूप से जुटे रहे। युवकों ने बताया कि भीषण गर्मी में राहगीरों की मदद करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। उनका कहना था कि समाज के सक्षम लोगों को भी आगे आकर इस तरह के सेवा कार्य करने चाहिए, ताकि राह चलते लोगों को राहत मिल सके। राहगीरों ने युवकों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि चिलचिलाती धूप में ठंडा पानी और शरबत मिलना किसी राहत से कम नहीं है। लोगों ने कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ मानवता को भी मजबूत करते हैं।*

### मौसम की मार से फीकी पड़ी भातकोल के खरबूजे की मिठास

तरूणमित्र न्यूज

*मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कभी अपनी मिठास और स्वाद के लिए दूर-दूर तक पहचान रखने वाला भातकोल का मशहूर खरबूजा अब संकट के दौर से गुजर रहा है। बदलते मौसम, खराब होती मिट्टी और पुराने बीजों की कमी ने इस पारंपरिक खेती की चमक फीकी कर दी है। किसानों के अनुसार अब पहले जैसी मिठास वाले खरबूजे तैयार नहीं हो पा रहे हैं, जिससे इसकी पहचान धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है।*

*एक समय था जब भातकोल का खरबूजा दिल्ली, मुंबई, कानपुर और गोरखपुर जैसे बड़े शहरों के साथ विदेशों तक भेजा जाता था। गर्मी के मौसम में इसकी बाजारों में भारी मांग रहती थी, लेकिन अब उत्पादन भी कम हो गया है और स्वाद में भी पहले जैसी बात नहीं रह गई है। स्थानीय किसानों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी, अनियमित बारिश और महंगी खेती ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मिट्टी की उर्वरता कम होने से फसल प्रभावित हो रही है। वहीं पुराने देसी बीज अब आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। किसान अमरजीत शर्मा, आमिर अहमद, शमीम अहमद, बृजभान चौहान, महेंद्र चौहान और रविंद्र कुमार ने बताया कि भारी लागत और कम उत्पादन के बावजूद किसान इस पारंपरिक फसल को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कृषि विभाग द्वारा किसानों को बेहतर बीज और तकनीकी सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई तो आने वाले समय में भातकोल का मशहूर खरबूजा सिर्फ नाम भर बनकर रह जाएगा।*

### राज्य ललित कला अकादमी की ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

तरूणमित्र न्यूज

*मऊ। राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश एवं राम स्वरूप भारती इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला 2026-27 का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन अकादमी के सदस्य प्रफुल्ल चंद्र भारती ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक चंद्रशेखर श्रीवास्तव, डीएवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देव भास्कर तिवारी, श्रीमती कृष्णा खंडेलवाल, श्रीमती संगीता द्विवेदी एवं श्रीमती राधा जायसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अतिथियों ने बच्चों को कला एवं रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि प्रफुल्ल चंद्र भारती ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं।*

*उन्होंने कहा कि ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों को रचनात्मक कार्यों से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है। कार्यशाला में आगामी 20 दिनों तक वर्ली, गोंड, सांझी, पहाड़ी, राजस्थानी एवं तंजौर पेंटिंग के साथ क्ले वर्क और क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला 13 जून तक संचालित होगी। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती वीना गुप्ता ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण हेतु मोबाइल नंबर 9956218202 पर संपर्क कर सकते हैं।*

# आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो द्वारा कृषि क्षेत्र दिवस का हुआ आयोजन

### 'उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन' विषय पर ग्रामीणों संग हुई चर्चा

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो (एनबीएआईएम) द्वारा सोमवार को को "उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन" विषय पर एक दिवसीय कृषि क्षेत्र दिवस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों तथा जैव उर्वरकों के उपयोग से होने वाले लाभों के प्रति जागरूक करना था।

साथ ही आईसीएआर-एनबीएआईएम द्वारा विकसित जैव उर्वरकों के माध्यम से ओन्हाईच, अलीपुर तथा बागली-पिजारा के आसपास के गांवों को संतृप्त करते हुए टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य रहा। वर्तमान समय में कृषि उत्पादन बढ़ाने की होड़ में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग किया जा रहा है, जिसके कारण मृदा की उर्वरता एवं गुणवत्ता में निरंतर गिरावट देखी जा रही है। इसके साथ ही पर्यावरण प्रदूषण, भूजल की गुणवत्ता में कमी तथा मानव एवं पशु स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए जैव उर्वरकों एवं जैविक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता बन गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आईसीएआर-एनबीएआईएम द्वारा इस विशेष अभियान का आयोजन किया गया।



उर्वरकों के संतुलित उपयोग के बारे में किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक।

कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों की कुल 10 टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने निर्धारित गांवों में घर-घर जाकर किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया और उन्हें मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा जैव उर्वरकों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। टीमों ने किसानों को यह समझाया कि किस प्रकार रासायनिक उर्वरकों का असंतुलित उपयोग मिट्टी में उपस्थित लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या को कम कर देता है, जिससे भूमि की उत्पादकता प्रभावित होती है।

यह कार्यक्रम ब्यूरो के निदेशक डॉ. आलोक कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें डॉ. हर्ष वर्धन सिंह, डॉ. वी. मागेश्वरन, डॉ. उदय भान सिंह, डॉ. हिल्लोल चकदार, डॉ. प्रमोद कुमार साहू, डॉ. दीपक, डॉ. नाजिआ मंजर, डॉ. अभिजीत शंकर कश्यप, डॉ. ज्योत्सना तिलगम, डॉ. शोभित थापा, डॉ. ज्योति प्रकाश सिंह, डॉ. कृष्णामूर्ति, रजनीश मीणा, अभय सिंह, सिद्धार्थ अरोड़ा, रेहान खान एवं ब्यूरो के सभी कर्मचारियों, शोध अध्येता, संविदाकर्मी भी शामिल थे।







# इनरव्हील क्लब की जिला इकाई ने जरूरतमंद व्यक्ति को सौंपी दुकान

■ फलों से भरपूर दुकान पाकर निर्धन व्यक्ति के आंखें में छलकी कृतज्ञता

■ सदैव जरूरतमंद, असहाय एवं गरीब की सहायता करना क्लब का ध्येय: अध्यक्षा

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। इनरव्हील क्लब की जिला इकाई के तत्वावधान में सोमवार को मानवता और सेवा की सच्ची मिसाल प्रस्तुत की गई।

एक अत्यंत निर्धन एवं जरूरतमंद व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वरोजगार हेतु एक सुंदर दुकान प्रदान कर उसकी मदद की गई। दुकान को प्रदान करने से पूर्व इनरव्हील क्लब द्वारा उसे फल-जूस का ठेला, फलों से भरी सामग्री तथा जूस बनाने की मशीन नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई।

इनरव्हील क्लब की ओर से उसे सम्मानपूर्वक जीवनयापन करने और अपने परिवार का भरण-पोषण कर पाने के उद्देश्य से उसका सहयोग किया गया। इनरव्हील क्लब की ओर फलों से सजी दुकान पाकर जरूरतमंद व्यक्ति के चेहरे पर आई खुशी और आँखों में छलकती कृतज्ञता ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों के चेहरे पर भी नई उम्मीद और प्रसन्नता साफ दिखाई दी। उसके भाव से लग रहा था मानो उनके जीवन में एक नई रोशनी का संचार हो गया हो।

इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा मीना अग्रवाल ने कहा कि हमारे क्लब का मुख्य ध्येय सदैव जरूरतमंद, असहाय एवं गरीब लोगों की सहायता करना है। किसी के जीवन में खुशियाँ लाना ही सच्ची सेवा और सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी परिवार को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल जाए, तो वही समाज सेवा का सबसे सुंदर रूप है। इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में क्लब की सचिव डॉ अंजुला द्विवेदी जीत का विशेष सहयोग रहा, जो हर सेवा कार्य में सदैव आगे बढ़कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और पूरे समर्पण भाव से सहयोग करती हैं।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष डॉ. सुधा त्रिपाठी, आईएसओ निधि अग्रवाल, एडिटर रितु अग्रवाल, मीना श्रीवास्तव, कीर्ति अग्रवाल, पूनम गुप्ता, शशि अग्रवाल सहित क्लब की अन्य पदाधिकारी शामिल रहीं।

## किसान महापंचायत में किसानों ने उचित मुआवजा नहीं तो जारी रहेगा विरोध का किया ऐलान

तरूणमित्र न्यूज

मऊ। आवास विकास प्राधिकरण द्वारा मऊ जनपद में करीब 200 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित करने के फैसले ने स्थानीय किसानों की नींद उड़ा दी है।

भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों का आक्रोश अब पूरी तरह से भड़क उठा है। किसानों का सीधा आरोप है कि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले जमीन का रेट तय करने के लिए प्रशासन या प्राधिकरण की ओर से उनके साथ कोई बैठक नहीं की गई। एक महीने के लंबे इंतजार के बाद जब अधिकारी वापस लौटे, तो उनके द्वारा तय किए गए बेहद कम दामों को सुनकर किसान सन्न रह गए। "आय दोगुनी छोड़िए, यहाँ तो कमर ही तोड़ दी" महापंचायत के दौरान किसानों का दर्द साफ छलक पड़ा। शहरोज गांव के बुजुर्ग किसान रामनरेश यादव ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा, "सरकार कहती है कि अन्नदाता खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा और किसानों की आय दोगुनी हो रही है। लेकिन आवास विकास वाले हमारी आय दोगुनी करना तो दूर, उल्टा हमारी कमर ही तोड़कर चले गए हैं।' वहीं रेवरीडीह की महिला किसान सुनीता देवी ने भावुक होते हुए कहा, "यह जमीन हमारे दादा-परदादा की है। हमने अपना पेट काटकर इस मिट्टी को सींचा है। अब इसे कौड़ियों के भाव बेचकर हम और हमारा परिवार कहाँ जाएंगे।

पाँच मौजों के किसान आए एक मंच पर आवास विकास के इस फैसले के खिलाफ क्षेत्र के पाँच मौजों शहरोज, रेवरीडीह, मेरी, डाड़ी खास और मुहम्मदपुर शहरोज के किसान एकजुट हो गए हैं। शुक्रवार को शहरोज गांव में एक विशाल श्किसान महापंचायतश् का आयोजन किया गया। इस महापंचायत की अध्यक्षता योगेश राय, ग्राम प्रधान दहीचंद राजभर, हिमांशु राय, नरेंद्र राय और किसान नेता सोनू पंडित आदि ने मुख्य रूप से की।

## कृषि रक्षा इकाई कार्यालय पर एडीओ कृषि ने किसानों को दी जानकारी

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कृषि रक्षा इकाई कार्यालय पर सोमवार को एडीओ कृषि संतोष कुमार मिश्रा एवं गोदाम इंचार्ज सतीश कुमार मिश्रा द्वारा किसानों को विभिन्न धान की प्रजाति के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि धान की प्रजाति 126 जो 35 कुंतल एकड़ में बुवाई करने के बाद इसकी पैदावार अधिक होगी। वहीं स्वर्ण मंसूरी 70-29 की धान की प्रजाति उपलब्ध है तथा किसान आकार ईंधन की प्रजातियां को लगातार ले जा रहे हैं, जिन्हें सब्सिडी के आधार पर धान के बीज भी प्राप्त कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धान के पैदावार के लिए यह दोनों बीच काफी अन्नदाता के रूप में सिद्ध हो रहे हैं। कम बारिश में भी 130 दिनों में तैयार हो जाएंगे जो किसानों के लिए काफी बेहतर सिद्ध होंगे। इस मौके पर ब्लॉक के विभिन्न गांव से आए किसानों को जागरुक करते हुए धान की विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताया गया। किसान आकर इस धान के बीज को खरीद रहे हैं। इस अवसर पर लगभग दर्जनों किसान एवं कृषि विभाग के लोग भी उपस्थित रहे।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# अंतिम संस्कार के लिए रास्ते को लेकर विवाद

## पुलिस के समझाने पर शव यात्रा हुई रवाना



**तरूणमित्र न्यूज**

**आजमगढ़।** रानी की सराय थाना क्षेत्र के बाकीपुर गांव में रविवार रात एक महिला की मृत्यु के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के दौरान रास्ते को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। कुछ लोगों द्वारा विरोध किए जाने पर शव यात्रा कुछ समय के लिए रुक गई, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रामकिशुन यादव की माता कमला देवी का रविवार रात निधन हो गया था। परिजन जब शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर जा रहे थे, तभी गांव के ही धर्मेंद्र यादव द्वारा कथित रूप से सरकारी रास्ते से शव ले जाने का विरोध किया गया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। काफी देर की बातचीत के बाद अंततः शव यात्रा को उसी रास्ते से अंतिम संस्कार हेतु रवाना किया गया।

घटना के बाद गांव में कुछ समय तक तनाव का माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से स्थिति नियंत्रण में रही। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक मृतक पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र यादव को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के खराब प्रगति पर सीएमओ सख्त

**आजमगढ़।** जनपद के कई आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की खराब प्रगति रिपोर्ट पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जन आर वर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। टेली कंसल्टेशन, वेलनेस गतिविधियों और दैनिक ओपीडी रिपोर्टिंग में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी जारी की गई है। सीएमओ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा में जनपद आजमगढ़ के कई आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का प्रदर्शन मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। विशेष रूप से तरवां, पवई, हरैया, अतरौलिया, तहबरपुर, मोहम्मदपुर, मेहनगर एवं बिलरियागंज ब्लॉकों की कई इकाइयों में गंभीर कमियां सामने आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार तरवां ब्लॉक के टिकहरा और बीबीपुर, पवई के मिट्ठूपुर और नरवारी, हरैया के चांदपट्टी एवं देवरा करीयात, तहबरपुर के भोर्रा मकबूलपुर, मोहम्मदपुर ब्लॉक के गम्भीरपुर व मोहम्मदपुर-नगवां तथा बिलरियागंज के मोहिउद्दीनपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का प्रदर्शन बेहद कमजोर पाया गया।

# दुर्वासा धाम में हरि हरात्मक यज्ञ का शुभारंभ

**आजमगढ़।** दुर्वासा धाम में 25 से 31 मई तक आयोजित श्री हरिहरात्मक यज्ञ का सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। दुर्वासा धाम में निकली विशाल कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए ऋषि दुर्वासा, मौनी बाबा और देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

यज्ञकर्ता सुगम दासजी महाराज के नेतृत्व में निकली यात्रा मौनी बाबा आश्रम से प्रारंभ होकर दुर्वासा ग्राम की परिक्रमा करते हुए तमसा-मंजूषा संगम तक पहुंची। वहां वैदिक विधि-विधान से पूजन के उपरांत श्रद्धालु जल लेकर यज्ञ स्थल पहुंचे। यात्रा में हाथी, घोड़ा, नगाड़ा, साधु-संत, हजारों कन्याएं, महिलाएं और श्रद्धालु शामिल रहे।

यज्ञाचार्य पंडित हरिकेश चौबे एवं अन्य विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर महंत शुभम दास जी महाराज ने कहा कि हरिहरात्मक यज्ञ विष्णु और शिव के अभेद स्वरूप का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह यज्ञ जनमानस के कल्याण, पापों के नाश और आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम है। उन्होंने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन दिन में हवन-पूजन तथा सायंकाल मानस चातकी बैदेही सुरभि समेत अन्य विद्वानों के प्रवचन आयोजित होंगे।



भव्य कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुगण

कलश यात्रा में संत सेवा संगठन के अध्यक्ष पंडित सुभाष चंद्र तिवारी 'कुंदन', मुन्ना बाबा, अंकित महाराज, दुर्वेश्वरानंद महाराज, राम मिलन सिंह, संतोष सिंह, डॉ. अशोक सिंह, लक्ष्मण दुबे, बाल मुकुंद सिंह, राम आसरे सिंह, हरिद्वार सिंह, प्रफुल्ल सिंह, राधेश्याम दुबे और जितेंद्र सिंह सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# यूसुफपुर में रहने पर पुलिस ने अब्बास अंसारी को थमाई नोटिस

## 15 मई को समय पूरा होने के बाद कैसे यहाँ रूके, 24 घंटे में मांगा जवाब



विधायक अब्बास अंसारी से यूसुफपुर स्थित आवास पर वार्ता करते सीओ सुधाकर पांडे एवं कोतवाल वीरेंद्र

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद।** पुलिस क्षेत्राधिकारी सुधाकर पांडे के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम मऊ विधायक अब्बास अंसारी के गाजीपुर जिले में प्रवास के संबंध में रविवार देर रात्रि 11.30 बजे उनके यूसुफपुर बाजार स्थित पैतृक आवास फाटक पर पहुंची। पुलिस टीम जब गेट पर पहुंची और दरवाजा खटखटाया तब लगभग 15 मिनट बाद फाटक का मुख्य गेट खुला और विधायक अब्बास अंसारी वहां पर मौजूद मिले जिस पर क्षेत्राधिकारी सुधाकर पांडे ने बिना अनुमति यहां पर आकार कैसे रह रहे हैं आपको सुप्रीम कोर्ट से सिर्फ तीन दिन तक अपने पैतृक आवास में रहने की अनुमति है जिसकी अवधि 15 मई को पूरी हो जाने के बाद भी आप यहां पर कैसे रह रहे हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि आपने अपना पुराना गनर क्यों बदल दिया।

इसके साथ ही उन्होंने इन सभी प्रश्नों का जवाब विधायक अब्बास अंसारी से 24 घंटे के अंदर देने को कहते हुए एक नोटीस उन्हें थमा दिया। अब्बास अंसारी ने सीओ सुधाकर पांडे से बताया कि यह मामला अब पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। जिसके जानकारी हम मऊ के पुलिस अधीक्षक एवं जिला अधिकारी को देने के बाद हम यहां पर रह रहे हैं। वहीं क्षेत्राधिकारी का कहना है कि उच्च अधिकारियों के मिले निर्देश के बाद हम यहां पर जांच करने आए हैं। उनके मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को मऊ जनपद में रहने के लिए रोक लगाई थी जबकि तीन दिन के लिए गाजीपुर के मोहम्मदाबाद यूसुफपुर स्थित पैतृक आवास में रहने की अनुमति दी थी तीन दिनों की अनुमति कि यह अवधि 15 मई को समाप्त हो गई है। सूचना मिली कि वह इसके बाद भी वहां आकर रात में विश्राम करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर रुकने के संबंध में यदि कोर्ट का कोई डिसीजन या निर्णय हो तो आप हमें दिखाएं जिस पर अब्बास अंसारी ने उन्हें कुछ कागजात दिखाएं इसके बाद नोटिस का जवाब तत्काल देने को कहते हुए पुलिस वहां से वापस लौट गई इस मौके पर मोहम्मदाबाद कोतवाल वीरेंद्र प्रताप सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## स्टंटबाजी करने वाला युवक गिरफ्तार

**आजमगढ़।** सोशल मीडिया पर बाइक से खतरनाक स्टंट कर वीडियो वायरल करना एक युवक को महंगा पड़ गया। थाना गम्भीरपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में लेकर उसकी मोटरसाइकिल सीज कर दी। पुलिस के अनुसार डॉ0 अनिल कुमार के निर्देश पर जनपद में बिना नम्बर प्लेट, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने एवं स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली, जिसमें एक युवक NH-28 हाईवे पर बाइक से खतरनाक स्टंट करता दिखाई दे रहा था। वीडियो के आधार पर युवक की पहचान साबिर अहमद पुत्र इम्तियाज निवासी ग्राम खिरयानी कमहरिया थाना तरवां के रूप में हुई। पुलिस ने शनिवार को उसे हिरासत में ले लिया।

## समाधान समारोह 2026 का हुआ आयोजन

**गाजीपुर।** न्याय को घर-घर तक सरल एवं सुलभ बनाने तथा सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दिनांक 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ है तथा इसका समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगा। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वैसे मामले जो आपसी सहमति तथा सुलह से निष्पादन योग्य है, उनको सुलह-सहमति से निष्पादित करना है। इस संबंध में नीरज गोंड, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा बताया गया कि उपरोक्त विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय उच्चतम न्यायालय परिसर में किया जायेगा। सर्वोच्च न्यायालय में लंबित पारिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, भू-अधिग्रहण, आपराधिक सुलहनीय मामले, श्रम संबंधी विवाद तथा ऐसे मामले जो आपसी सहमति से निष्पादन योग्य है उन्हें शामिल किया गया है तथा उन मामलों से संबंधित पक्षकारों के आपसी सुलह वार्ता हेतु प्रयास करने वाली बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय स्तर के विधिक सेवा प्राधिकरणों के मध्यस्थता केन्द्रों में किया जायेगा।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट पर सांसद सख्त, आपूर्ति की उठाई मांग

**तरूणमित्र न्यूज**

**सिकन्दरपुर, बलिया।** भीषण गर्मी के बीच पूर्वांचल के कई विधानसभा क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और फॉल्ट की समस्या को लेकर सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद रामाशंकर राजभर उर्फ विद्यार्थी ने विद्युत विभाग और शासन को पत्र भेजकर तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। सांसद ने अलग-अलग पत्रों के माध्यम से एक ओर जहां बलिया के नगरा नगर पंचायत को शहरी रोस्टर के अनुसार बिजली देने की मांग उठाई है, वहीं दूसरी ओर बलिया और देवरिया के कई विधानसभा क्षेत्रों में खराब बिजली आपूर्ति पर गहरी नाराजगी जताई है।

सांसद रामाशंकर राजभर ने प्रमुख सचिव ऊर्जा, उत्तर प्रदेश शासन को भेजे पत्र में कहा है कि बलिया जनपद के बांसडीह, सिकंदरपुर और बेल्थरा रोड विधानसभा क्षेत्रों समेत देवरिया जनपद के भाटपाररानी और सलेमपुर विधानसभा क्षेत्रों में भारी बिजली कटौती की जा रही है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को दिन और रात मिलाकर 7 से 8 घंटे भी ढंग से बिजली नहीं मिल पा रही है। लगातार लो-वोल्टेज और बार-बार फॉल्ट होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी में लोगों का जीना दूभर हो गया है। सांसद ने पत्र में कहा कि बिजली संकट से छात्र, व्यापारी, किसान और आम उपभोक्ता सभी परेशान हैं।

उन्होंने शासन से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। इसके अलावा सांसद ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को भेजे एक अन्य पत्र में बलिया जनपद के नगर पंचायत नगरा का मुद्दा भी उठाया है। उन्होंने कहा कि वर्षों पहले नगरा को नगर पंचायत का दर्जा मिल चुका है, लेकिन विद्युत विभाग अब भी उसे ग्रामीण क्षेत्र मानकर ग्रामीण रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति कर रहा है, जो सरकारी गजट के विपरीत है। सांसद ने मांग की कि नगर पंचायत नगरा को शहरी रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन साढ़े 21 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए।

# पत्रकार एकता हमारा लक्ष्य व उनकी सुरक्षा हमारा कर्तव्य : सरदार दिलावर सिंह

## केन्द्र शासित प्रदेशों में हो चुका है विस्तार, पत्रकार हितों पर हुई चर्चा




**तरूणमित्र न्यूज**

**बेल्थरा रोड (बलिया)।** स्थापना के समय से ही पत्रकार एकता और उनकी सुरक्षा और सम्मान हमारा लक्ष्य रहा है। इसी पवित्र भावना को लेकर हम चले थे और हमारी इस भावना का सभी पत्रकारों और उनके संगठनों ने खुलकर स्वागत किया। आज की तारीख में देश के सभी प्रान्तों और केंद्र शासित प्रदेशों में हमारा विस्तार हो चुका है। उक्त बातें यहां के द्वारका मैरेज हॉल में पत्रकार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह ने संबोधित करते हुए कहीं।

समारोह को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर सतीश चन्द्र शुक्ला ने कहा कि पत्रकार हित के जरिए हमारे कदम मजबूती के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। आयोजक संगठन के आजमगढ़ मण्डल अध्यक्ष अरविन्द यादव ने सभी पत्रकार संगठनों को इस पवित्र कार्य में खुला सहयोग देने की अपील की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के पद से डॉक्टर अलका राय, डॉ. एसएन राय, अधिवक्ता अतुल प्रकाश सिंह यादव, अधिवक्ता देवेंद्र कुमार यादव आदि ने पत्रकार एकता पर अपने अमूल्य विचार रखे।

मुख्य अतिथि द्वारा आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने पर लगभग चार दर्जन लोगों को सम्मानित किया। आयोजन में जवाहरलाल गुप्ता, संजय मिश्रा, अशोक कुमार जायसवाल, निलेश सभासद, नागेश कुमार पाण्डेय, सतीश चंद्र यादव, रामेश्वर बरनवाल, मुकेश चौहान, अभय कुमार यादव, मुन्ना राजभर, देवेंद्र प्रसाद राजभर, अमिय नाथ मिश्रा, नरेंद्र वर्मा, निशा सिंह, शीला, शमसुद्दीन, राहुल यादव, मोहम्मद आमिर अंसारी, देवेंद्र कुमार गुप्ता, रामचंद्र राम, विनोद यादव, अशोक कुमार यादव, कासिम रजा, शाहिद खान, रजनीश कुमार भारती, अक्षय कुमार यादव, राममिलन यादव, सुभाष चंद्र कनौजिया, विनोद मानव, राहुल लाल भारती, अभिनव शरण यादव, शेख एजाजुद्दीन के अलावा गायक कलाकार साहब लाल यादव, पप्पू पाण्डेय आदि पत्रकार, बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

## वोटर सत्यापन के दौरान मारपीट

**आजमगढ़।** महाराजगंज थाना क्षेत्र में वोटर सत्यापन के दौरान जमकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। खंड विकास अधिकारी महाराजगंज के निर्देश पर वोटर लिस्ट सत्यापन का कार्य हो रहा था। आरोप के अनुसार इसी दौरान जय सिंह, रामप्रीत पटेल, संतराम पटेल, रामकिशन, शिवम शुभम मौके पर आए और प्रार्थी गोरखनाथ और उसके भाई अशोक को मां बहन की गालियां देते हुए लाठी डंडे से जमकर पिटाई शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा किए गए हमले में प्रार्थी और उसका भाई अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए। और बेहोश हो गए। दोनों भाइयों को आरोपियों द्वारा किए गए हमले में कई जगह चोट भी आई हैं। आसपास के लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वोटर लिस्ट सत्यापन के दौरान हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। पुलिस का कहना है की घटना में शामिल आरोपियों के विरुद्ध जल्द कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही इस घटना के कारणों और आरोपों की सत्यता की भी जांच की जाएगी।

# जेएनसीयू में नवनियुक्त कुलपति का हुआ स्वागत

**तरूणमित्र न्यूज**

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में प्रो. नरेंद्र कुमार शुक्ला, कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष एवं उल्लास के साथ नवनियुक्त कुलपति का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में प्राचार्यगण,शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रो. शुक्ला का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कुलपति प्रो. नरेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि उनकी प्राथमिकता विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं तकनीकी विकास को बढ़ावा देना होगा।

विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रियंका सिंह,डॉ.सरिता पाण्डेय, डॉ.स्मिता, डॉ.शैलेन्द्र सिंह, प्रो.जैनेन्द्र पाण्डेय, प्रो. बृजेश सिंह, प्रो. दयालानंद राय, प्रो. सानंद सिंह, प्रो.अखिलेश राय,प्रो.मान सिंह एवं श्री लल्लन सिंह ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अगले चरण में पूर्व कुलपति प्रो.संजीत कुमार गुप्ता को माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह प्रदान कर विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में पूर्व कुलपति द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराधा राय, स्वागत भाषण डॉ. पुष्पा मिश्रा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव एस. एल.पाल ने किया। इस अवसर पर आनंद दुबे, वित्ताधिकारी, डॉ.विनीत सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. प्रवीण नाथ यादव, डॉ. नीरज सिंह, डॉ. संदीप यादव, डॉ. छविलाल, डॉ मनोज एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यगण, प्रबन्धकगण, शिक्षकगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## शिवपुर दीयर में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**बलिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के शिवपुर दीयर इलाके में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब बिहार की ओर जाने वाली सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव करीब चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है तथा जानवरों द्वारा क्षत-विक्षत किए जाने के कारण महिला का चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था। आस-पास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस बलिया भेज दया है। पुलिस महिला की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी हुई है तथा आसपास के थानों से भी जानकारी साझा की जा रही है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। शव की पहचान कराने और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# पूर्वांचल पब्लिक स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक समापन




पूर्वांचल पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण के दौरान प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित शिक्षक

**तरूणमित्र न्यूज**

**मुहम्मदाबाद ( गाजीपुर )।** स्थानीय विकासखंड के तिवारीपुर के पूर्वांचल पब्लिक स्कूल में विद्यालय में शिक्षकों की शिक्षण दक्षता एवं कौशल विकास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक विशेष शिक्षक प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 18 भी से 25 मई तक किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षण एवं अधिगम से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कि गई । प्रशिक्षण का डॉ.सरिता राय के देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें कई महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए थे। कार्यक्रम को अधिक प्रभावी एवं उत्साहपूर्ण बनाने हेतु विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भागदारी ली।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ.एस. एन. राय, प्रबंधक ओमप्रका प्रधानाचार्य प्रमोद सिंह के द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं पूर्वांचल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान, कौशल एवं शिक्षण क्षमता में वृद्धि कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# चोरी से संबंधित दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम व गिरफ्तारी, तलाश वांछित अभियुक्त हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर उस्मान व थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार दूबे के कुशल नेतृत्व में थाना सुखपुरा पुलिस टीम को मिली सफलता।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को थाना सुखपुरा पुलिस टीम के उ0नि0 कृपाशंकर सिंह रि0का0 सूरज गिरि, रि0का0 आदित्य पाठक, रि0का0 सौरभ शुक्ला के साथ आगामी त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित/वारण्टी, पेण्डिग विवेचना, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, रोकथाम जुर्म जरायम तथा मु0अ0सं0 120/26 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित पतारसी/सुरागरसी में बेरूआरबारी बाजार के में मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्तगण मिन्टू कुमार उर्फ बलवन्त पुत्र शिवजी राम उम्र करीब 26 वर्ष, अमित कुमार पुत्र शिवजी राम उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण दुर्गीपुर थाना सुखपुरा जनपद बलिया को समय करीब 04.50 बजे बेरूआरबारी से मनियर मार्ग को जाने वाले रास्ते पर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की गई मोबाइल पोको बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

निःसन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
सेवा का अवसर दें

निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी

पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918805642

